(1100/GG/NKL)

(प्रश्न 221)

श्री दीपक बैज (बस्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न ब्रांडेड और जेनरिक दवाइयों के संबंध में है। माननीय मंत्री जी का उत्तर भी आया है। महोदय, देश में वर्तमान में 5028 जन-औषधि केन्द्र संचालित हैं, यह माननीय मंत्री जी ने उत्तर में बताया है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ में 206 केन्द्र संचालित हैं। 714 दवाइयां केन्द्रों में उपलब्ध हैं। केन्द्रों में सस्ती दवाई 50 से 90 प्रतिशत सस्ती हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आज भी देश में मंहगी दवाइयों की वजह से सालाना लगभग 6 करोड़ लोग गरीब से और गरीब हो जाते हैं। आज भी देश के बहुत से सामुदायिक केन्द्रों में प्रधान मंत्री जन-औषधि केन्द्र संचालित नहीं हैं। बस्तर जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बहुत से सामुदायिक केन्द्रों में आज भी जन-औषधि केन्द्र संचालित नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों में कब तक संचालित किया जएगा? इसी के साथ प्रधान मंत्री जन-औषधि केन्द्रों में सभी दवाइयां सस्ती नहीं होती हैं। सिर्फ मल्टी-विटामिन, दर्द की दवाइयां और कुछ साधारण सी दवाइयां ही सस्ती होती हैं। शेष महत्वपूर्ण दवाइयां भी ब्रांडेड दवाइयों से मंहगी होती हैं। ऐसा क्यों है? सरकार इसके लिए क्या कदम उठा रही है, ताकि उनके लिए सस्ती दवाइयां मिल सकें?

श्री मनसुख एल. मांडविया : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न उठाया है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न है। जब मोदी-वन सरकार बनी थी, तब प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि मेरे देश में किसी की बिना दवाई से मरने की नौबत नहीं आनी चाहिए। मेरी सरकार गरीब, शोषित, पीड़ित और वंचितों के प्रति समर्पित रहेगी। इस बात को चरितार्थ करने के लिए सारे देश में जन औषधि-केन्द्र चलाए जा रहे हैं। माननीय सदस्य जी ने जो कहा है, देश में 3 करोड़ 8 लाख व्यक्ति, मतलब 75 लाख परिवार हर साल दवाइयों का खर्च बढ़ जाने से, घर में बड़ी बीमारी आ जाने से, बिलो पॉवर्टी लाइन के नीचे चले जाते हैं। उस परिवार के पढ़ने वाले बच्चे की पढ़ाई रुक जाती है और परिवार में मुश्किल होती है। ऐसी स्थिति में देश में 5410 जन-औषधि केन्द्र आज के दिन में हमने

शुरू कर दिए हैं। दूसरा, जन-औषधि केन्द्रों पर मैक्सिमम 50 प्रतिशत और मिनिमम 80-90 प्रतिशत से कम रेट पर दवाइयां उपलब्ध हो रही हैं। माननीय सदस्य ने यह कहा है कि दवाइयों के रेट ब्रांडेड दवाइयों से ज्यादा हैं। किसी भी जन-औषधि स्टोर पर, हमारा मैन्डेट ही यही है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा प्राइस हम नहीं ले रहे हैं। 50 प्रतिशत से कम प्रतिशत पर हम जन-औषधि केन्द्रों के माध्यम से दवा उपलब्ध करवा रहे हैं। इसलिए आज 5410 जन-औषधि केन्द्र सारे देश में हैं।

श्री दीपक बैज (बस्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने 5 साल में सिर्फ 5018 जन-औषधि केन्द्र संचालित किए हैं। महोदय, माननीय मंत्री जी ने 714 दवाइयों का उल्लेख किया है। आज भी उन केन्द्रों में 714 दवाइयां उपलब्ध नहीं रहती हैं। सिर्फ सामान्य सी दवाइयां ही उपलब्ध रहती हैं। माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि ब्रांडेड दवाइयों की कीमत क्या दवा कंपनी तय नहीं करती है? दवाइयों की कीमत ड्रग्स कंट्रोल ऑर्डर तय करती है। क्या डीपीसीओ के तहत दवा कंपनियों पर नियंत्रण नहीं है, जिसकी वजह से लगातार ब्रांडेड दवाइयां महंगी होती जा रही हैं, जो लोगों की पहुंच से दूर हैं?

(1105/KN/SRG)

दूसरा, केन्द्र सरकार सरकारी व प्राइवेट डॉक्टरों के लिए सरकारी सस्ती दवाई जेनरिक दवाई की पर्ची लिख सकें, इसके लिए एमसीआई के तहत नियम का कड़ाई से पालन किया जाए। वह नियम आपने जारी किया है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। आज भी डॉक्टर लगातार महंगी दवाई लिख रहे हैं। क्या इसके लिए सरकार अनिवार्य कानून बनाएगी, जिससे कि सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर पर्ची लिख सकें?

श्री मनसुख एल. मांडविया : सर, महत्वपूर्ण विषय यह है कि जेनरिक मेडिसिन क्या है और ब्रांडेड मेडिसिन क्या है? जेनरिक मेडिसिन यह शॉर्ट नेम है और शॉर्ट नेम से दवा सस्ती होती है एवं ब्रांडेड से खर्च ज़्यादा हो जाता है। फोर एग्जाम्पल, आपने एक लीटर पानी लिया। इस पानी की कीमत शायद 2 रुपये है। वही पानी एक लीटर बिसलरी में चला गया तो उसकी प्राइस 12-15 रुपये हो जाती है और वह ब्रांडेड एक्वाफिना में चला गया तो 24 रुपये हो गया। यह शॉर्ट नेम है,

लेकिन वह तो पानी ही है। जेनरिक मेडिसिन मतलब शॉर्ट नेम है। पेरासिटामोल एक शॉर्ट नेम है। पेरासिटामोल ड्रग है, वह कभी कैलपोल के नाम से बेचते हैं तो उसकी प्राइस ज़्यादा हो जाती है। आज अमरीका में जाइए तो अमरीका में अगर पाँच टेबलेट्स लोग लेते हैं तो उसमें से एक टेबलेट इंडिया में बनी हुई जेनरिक मेडिसिन होती है। सारी दुनिया सिक्स टेबलेट्स लेती है तो उसमें से एक इंडिया में बनी हुई जेनरिक मेडिसिन होती है। जेनरिक मेडिसिन से लोगों को सस्ती दवा उपलब्ध होती है और यह सस्ती दवा उपलब्ध हो। जेनरिक मेडिसिन का प्रचार हो। माननीय अध्यक्ष जी, हमने टोकन नहीं किया है, हमने टोटल किया है। यह स्कीम जब वर्ष 2008 में शुरू हुई थी, जब हमारी सरकार आई तब छ: साल के बाद केवल 72 जन औषधि स्टोर्स थे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने इनिशिएटिव लिया और देश में जन औषधि स्टोर्स की श्रृंखला चलाई। उसका फायदा यह हुआ कि जो पहले जेनरिक मेडिसिन का शेयर मार्किट में केवल दो परसेंट था, वह आज बढ़कर आठ परसेंट तक पहुँच गया है। आठ परसेंट जेनरिक मेडिसिन का शेयर बढ़ जाने से देश के गरीब लोगों को, मध्यम वर्ग के लोगों को दो हजार करोड़ का फायदा हुआ है। यह गरीब लोगों के प्रति हमारा जो कमिटमेंट है, उसका यह नतीजा है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): फेक मेडिसिन भी मिलती है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको एलाउ नहीं किया है। माननीय सदस्य प्लीज। माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप मुझे लिखकर दीजिए, मैं एलाउ करूँगा। श्री अधीर रंजन चौधरी, आप प्रश्न पूछिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैं यह पूछना चाहता हूँ कि आपका अगर जेनरिक के बारे में इतना ध्यान है तो आप एक्ट में क्यों नहीं लाते? आपके एक्ट में यह जेनरिक की डेफिनिशन है? आप अपने से बोलते हैं कि यह बिसलरी में भाव बढ़ जाएगा, इसमें कम हो जाएगा। आपकी कोई डेफिनिशन है?

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, भाषण मत दीजिए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैं भाषण नहीं दे रहा हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप इनकी बात का जवाब दे दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मनसुख एल. मांडविया : यह डेफिनिशन का सवाल नहीं है। यह कमिटमेंट का सवाल है और लोगों को सस्ती मेडिसिन मिले।...(व्यवधान) सवाल यह है कि देश की जनता को सस्ती हेल्थ केयर मिले। उसके लिए प्रधान मंत्री मोदी जी का कमिटमेंट है, वह जन औषधि स्टोर के अलावा देश में 10...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य प्लीज। आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप बोलिये। आप इनकी हर बात का जवाब मत दो। जो पूछा है, उसका जवाब दीजिए। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री मनसुख एल. मांडविया : सर, इनको जिसकी वकालत करनी है, करें, हमें कोई दिक्कत नहीं है। हमारी कमिटमेंट गरीबों के प्रति है और हम गरीबों के लिए सस्ती दवाई उपलब्ध करवाते हैं। देश में दस लाख कार्डियक पेशंट्स होते हैं। हमने कार्डियक स्टैंट की प्राइस कम की और गरीबों की मदद की, उससे 4547 करोड़ रुपये देश की जनता को फायदा हुआ। हमारा कमिटमेंट है। हमने 1032 मेडिसिन की सीलिंग प्राइस फिक्स की, उससे देश की जनता को 2422 करोड़ रुपये का फायदा हुआ। मोदी जी का गरीबों के प्रति कमिटमेंट है। इतना ही नहीं, गरीब लोग हॉस्पिटल में जाते हैं, उनको नी-इम्प्लांट कराना था, लेकिन उसके पास पैसा नहीं होता था और वह नी-इम्प्लांट नहीं करवाते थे। मोदी सरकार ने नी-इम्प्लांट का प्राइस कैप किया।...(व्यवधान) इससे 1500 करोड़ लोगों को फायदा हुआ। दूसरा, हमने इनिशिएटिव लिया है कि देश में कैंसर की दवाइयाँ बहुत महँगी होती हैं और यहाँ जो बात हो रही थी कि जन औषधि स्टोर्स पर ज़्यादा रेट होता है।

(1110/CS/KKD)

महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी के ध्यान में लाना चाहता हूँ कि कार्डियक पेशेंट को कौन सी दवाई लेनी पड़ती है। उसे लोसार्टन 25 एमजी की दवाई लेनी पड़ती है। मार्केट में उस दवाई का मूल्य 33 रुपये है, हमारे जन औषधि स्टोर पर वह दवाई 5 रुपये में मिलती है। कैंसर की दवाई, एंटी कैंसर दवाई डोसेटैक्सेल 80 एमजी मार्केट में 17 हजार रुपये में मिलती है और हमारे जन औषधि स्टोर पर यह दवाई 1,800 रुपये में मिलती है। यह गरीबों के प्रति हमारा कमिटमेंट है।

महोदय, मैं यहाँ उपस्थित सभी माननीय सदस्यों से विनती करना चाहता हूँ कि वे अपने-अपने लोक सभा क्षेत्र में हर ब्लॉक स्तर पर इस जन औषधि स्टोर को खुलवायें, क्योंकि आज देश में मोदी जी की दुकान के नाम से यह मेडिसिन और यह जन औषधि स्टोर प्रसिद्ध हो रहा है। इससे जनता को जो लाभ होता है, मैं उसका एक उदाहरण यहाँ बताना चाहता हूँ। 1 जून, 2018 को मोदी जी ने बेनिफिशरीज के साथ बात की थी। उन लाभार्थियों में ओडिशा के मिस्टर सुभाष मोहंती एक लाभार्थी थे। वे मधुमेह और ब्लड प्रेशर से पीड़ित थे। उन्होंने मोदी जी के साथ बात करते हुए कहा था कि मुझे हर महीने 3 हजार रुपये की मेडिसिन चाहिए होती थी, लेकिन मेरे क्षेत्र में जन औषधि स्टोर ओपन हुआ, तो मुझे यह मेडिसिन 400 रुपये में मिल रही है। यह सेवा भी है और रोजगार भी है। इसलिए अपने-अपने क्षेत्र में सभी माननीय सांसद हर ब्लॉक पर जन औषधि स्टोर ओपन करें। उससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा और लोगों को सस्ती दवाई भी मिलेगी। आप बीपीपीआई की वेबसाइट पर जाकर, उसका फॉर्म डाउनलोड करके, फॉर्म फुलफिल करके मेरे ऑफिस में मुझे पहुँचा दीजिए, मैं आपके ब्लॉक स्तर पर जन औषधि स्टोर ओपन कर दूँगा। उससे गरीबों को फायदा होगा, आपको यश मिलेगा और जनता का काम होगा। धन्यवाद।

(इति)

(Q. 222)

SHRI BALLI DURGA PRASAD RAO (TIRUPATI): Hon. Speaker, Sir, first of all I convey my thanks to Lord Venkateswara Swamy. It is my maiden Question. I also convey my thanks to hon. Speaker for allowing me this Question.

Sir, Tirupati Balaji is our God. I also convey my thanks to our hon. Chief Minister, Shri Y.S. Jaganmohan Reddy and the people of Tirupati Parliamentary Constituency.

Coming to my Question, first of all, let me say the answer given by the hon. Minister is not satisfactory. If there is no complaint about the DRDAs, why have the Committee been formed twice, and their recommendations were also received? The cost implementing the recommendations to reform DRDA was estimated at about Rs. 12,000 crore. Then, the Government dropped this proposal of modification.

If there was no complaint, why was the Andhra Pradesh State Government as on 11.4.2019 indebted to take to the tune of Rs.27,000 crore?

Sir, you know pretty well that our Chief Minister and the new Government of Andhra Pradesh started functioning 40 days back. All of a sudden, we are not in a position to pay a huge amount. My request is that the Government of India, under the leadership of our beloved PM, Narendra Modi, should bear 50 per cent of the debt on behalf of State Government.

As you said, latest reforms, women empowerment and everything is there in the Budget. So, as a part of that, I would request you to clear it on our behalf.

Sir, secondly, there are lots of problem in our State.

माननीय अध्यक्ष : आप दूसरा सप्लीमेन्टरी पूछिएगा।

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर : महोदय, माननीय सदस्य ने डीआरडीए पर प्रश्न खड़ा किया है। यह संस्था बहुत पुरानी है। शुरूआती दौर में ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी उपशमन की दृष्टि से जो कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे, उनका संचालन किस प्रकार से हो, इसके लिए 1969 और 1980 में कुछ चुनिन्दा ब्लॉक्स में कुछ मैकेनिज्म खड़ा किया गया था।

(1115/RV/RP)

बाद में वर्ष 1980-81 में यह अस्तित्व में आया। जब डी.आर.डी.ए. अस्तित्व में आया, तब भी यह विषय था कि इसके खर्च की जो व्यवस्था है, वह कैसे होगी, तो जो परियोजना संचालित होगी और उस परियोजना के मद में जो पैसा होगा, उसी से इसकी प्रशासनिक लागत पूरी की जाएगी। आज की जो परिस्थिति है, उस परिस्थिति में हम देखेंगे तो जिला पंचायतें 73वें संविधान संशोधन के बाद अस्तित्व में आ गईं। आज जिला पंचायतों का एक अच्छा ढाँचा बन गया है और जिला पंचायतें सशक्तिकरण की ओर बढ़ रही हैं। इसलिए अनेक राज्यों ने डी.आर.डी.ए. का जिला पंचायतों में विलय कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रकार की जो योजनाएं संचालित हैं, उनका अपना प्रशासनिक बजट है, उनके अपने कर्मचारी हैं, इसलिए अब डी.आर.डी.ए. की प्रासंगिकता सामान्य तौर पर दिखाई नहीं देती और इसी कारण से इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

SHRI BALLI DURGA PRASAD (TIRUPATI): Hon. Minister has explained everything about DRDA. We have formed the Government for the first time in the State. We want Rs. 27,000 crore for SHG women. I would like to know whether the Government is going to provide 50 per cent of the cost. You are talking about women empowerment schemes and other things. It is a part of the DRDA Scheme. This is my question.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उपशमन की या अन्य प्रकार की उत्थान की जो योजनाएं थीं, उनका संचालन ठीक प्रकार से किया जा सके, उन्हें टेक्निकल सपोर्ट दिया जा सके, उनका मार्गदर्शन किया जा सके, इसलिए डी.आर.डी.ए. की व्यवस्था थी। आज ग्रामीण क्षेत्र में अगर 'प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना' के तहत सड़कें बन रही हैं तो उनका अपना ढाँचा है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका की दृष्टि से अगर एन.आर.एल.एम. चल रहा है तो उसका अपना ढाँचा है, जिला पंचायत के अपने कर्मचारी हैं। इसलिए आज जो स्थिति है, उसमें हम लोगों ने वर्ष 2016 में सुमित बोस कमेटी का गठन किया था और उन्हें ये सभी विषय दिए थे कि इसे कैसे ठीक करें। सुमित बोस साहब ने भी यह कहा है कि वर्तमान में जो परिस्थिति है, उसमें हर योजना में प्रशासनिक व्यय है, हर योजना के क्रियान्वयन के लिए ढाँचा है, इसलिए अब डी.आर.डी.ए. का कोई औचित्य बचता नहीं है।

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि डी.आर.डी.ए. का विलय करने के बारे में वर्ष 2016 में सुमित बोस कमेटी की जो रिपोर्ट आई, उसके बारे में आगे की योजना क्या है?

दूसरा, एमपीलैड के सारे कार्यक्रमों की देखभाल डी.आर.डी.ए. करता है और उसके उपलक्ष्य में हम लोग डी.आर.डी.ए. को एमपीलैड से शुल्क अदा करते हैं और 'दिशा' का भी अनुपालन वही करता है। इसलिए उसकी ज्यादा रुचि योजनाएं बनाने में नहीं, बल्कि 'दिशा' की बैठकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा खर्च करने में है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वे कोई ऐसी गाइडलाइन दें, क्योंकि उनके माध्यम से हम लोगों को रिपोर्ट मिलने में एक-एक साल का समय लग जाता है। एम.पी.आर. सही समय से नहीं मिलता है, जिसके चलते हमारी निधि खर्च नहीं हो पाती है और अखबारों में और बाकी ज़गहों पर यह आता है कि सांसद ने खर्च नहीं किया जबकि खर्च करने का काम उनका है। इसलिए डी.आर.डी.ए. का विलय करने के स्थान पर कोई ऐसी योजना

हो कि भारत सरकार अपने अधीन कर ले और हम उन्हें शुल्क देते हैं, पैसे देते हैं तो वे हमारे कार्यक्रमों को सीधा-सीधा करें, अगर ऐसी कोई योजना है तो मैं माननीय मंत्री जी से इसके बारे में जानना चाहता हूं।

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर: माननीय अध्यक्ष जी, यह विषय डी.आर.डी.ए. के सम्बन्ध में है। अभी जहां डी.आर.डी.ए. अस्तित्व में है, उसके बारे में जहां तक मेरी जानकारी है, वह कर्नाटक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और केरल में अस्तित्व में है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने भी निर्णय ले लिया है कि डी.आर.डी.ए. का जिला पंचायत में विलय कर देंगे।

(1120/MY/RCP)

आज सांसद निधि के खर्च का जो सवाल है, उसके लिए निश्चित रूप से जिला कलेक्टर जिम्मेवार हैं। वहां सभी प्रकार का ढांचा है। आज डीआरडीए में अगर कोई इंजीनियर अस्तित्व में है, वह हमारा एस्टिमेट नहीं बनाता है। वहां निर्माण का जो काम है, चाहे वह सड़कों की दृष्टि से हो, बिल्डिंग की दृष्टि से हो, उसका काम लोक निर्माण विभाग करता है। अगर सिंचाई की दृष्टि से कोई योजना है, तो इरिगेशन विभाग उसका काम करता है। अगर अन्य विभाग की कोई योजना है तो उसके लिए वहां विभागीय व्यवस्था है। मैं सांसद महोदय की चिंता से वाकिफ़ हूं। सांसदों को इस मामले में कोई तकलीफ़ नहीं आए, यह निश्चित रूप से सुनिश्चित किया जाएगा।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदय, यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। अभी माननीय सांसद श्री सुनील जी ने यह बात उठाई। आज भी कुछ राज्यों में चाहे एमपीलैड हो या विधायक निधि हो, इन कार्यक्रमों का क्रियान्वयन डीआरडीए ही करती है। 16वीं लोक सभा में माननीय सांसदों द्वारा दिए गए समय से पूर्व जो प्रस्थाव थे, उन प्रस्तावों की स्वीकृति हो जाने के बावजूद भी सांख्यिकी विभाग से पैसा नहीं गया है, जबकि 17वीं लोक सभा आ गई है, लेकिन अभी तक 16वीं लोक सभा के उन सांसदों के एमपीलैड का पैसा नहीं पहुंचा। इस संबंध में अभी क्या कार्रवाई हो रही है?

दूसरी बात, डीआरडीए की अस्तित्व में आने की जो बात कही गई है, यू.सी. मामले के बावजूद भी राज्य सरकारों से प्रस्ताव या यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट समय से नहीं आता है, जिसके कारण कार्य पूरा नहीं हो पाता है। जबकि एक एमपीलैड में कोई बहुत बड़ी धनराशि नहीं होती है, लेकिन इसके बावजूद इतना सवालिया निशान लगता है। क्या माननीय मंत्री जी इसके लिए कोई ऐसा मेकनिज़म तैयार करने की कोशिश करेंगे या डीआरडीए में उनकी कोई प्रासंगिकता नहीं है? आज भी उन राज्यों में पूरे एमपीलैड के कार्यों का उत्तरदायित्व उनके ऊपर है। ये दोनों बातें एक-दूसरे से कान्ट्राडिक्ट करती हैं। हम चाहते हैं कि एमपीलैड के लिए समय से उनकी योजनाएं, डीपीआर, क्रियान्वयन, यू.सी. और फिर दूसरी किस्त मिले, इसके लिए आप कौन-सा मेकनिज़म करेंगे? इस बारे में आपके माध्यम से मैं मंत्री जी ने जानकारी चाहता हूं।

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर: माननीय अध्यक्ष जी, जहां तक सांसद निधि का सवाल है, सांसद निधि की यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट दिल्ली आए और किस समय रिलीज हो, अगर उसमें कोई दिक्कत आ रही है तो मैं संबंधित मंत्रालय को अवगत कराऊंगा। लेकिन, जहां तक डीआरडीए का सवाल है, जहां अब डीआरडीए अस्तित्व में नहीं है, वहां भी काम ठीक प्रकार से चल रहा है। अभी भी केन्द्र सरकार डीआरडीए को संचालित करने के लिए आपकी राशि यहां से आबंटित कर रही है। अभी भी हम इसके मूल्यांकन की स्थिति में हैं, लेकिन ऐसी ध्वनि नहीं जानी चाहिए कि केन्द्र सरकार डीआरडीए बंद कर रही है। इसकी प्रासंगिकता कितनी बची है? क्योंकि, रामचन्द्रन समिति ने जो रिपोर्ट दी थी, उस पर 12,000 करोड़ रुपये खर्च आ रहा था। इसको व्यय समिति ने एग्री नहीं किया, इसलिए ये सारी चीजें खड़ी हुई हैं। अभी इससे संबंधित जो कर्मचारी हैं, उनकी संख्या लगभग 15,000 है। हम उनकी तनख्वाह के लिए पैसा दे रहे हैं। आज की जो परिस्थिति है, उसमें हमें प्रासंगिकता पर जरूर विचार करना पड़ेगा, क्योंकि आधा देश इसके विलय के पक्ष में है और कुछ लोग इसको संचालित करने के पक्ष में हैं।

(इति)

(Q. 223)

DR. SUBHASH RAMRAO BHAMRE (DHULE): Sir, I thank you for giving me an opportunity and I thank the hon. Minister and congratulate her for giving a detailed answer.

Non-availability of skilled manpower for food processing is a big challenge. Industrial training institutions which are providing skill-based training and diploma courses are limited. There is a requirement of exclusive food technology for skilling the nation and for bridging the gap in the food processing sector. Has the Government taken any step in this regard?

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL: Sir, although the answer is about cold chains, I would still like to tell the hon. Member that under my Ministry there are two institutions. One is the National Institute of Food Technology Entrepreneurship and Management (NIFTEM), the only one of its kind, which is in Kundli in Haryana; the other one is the Indian Institute of Food Processing Technology which is in Thanjavur in Tamil Nadu. Both these institutions are premier institutions where M. Tech, B. Tech. and Ph. D. courses are being run.

(1125/MMN/CP)

I am happy to say that all the students, who pass out, get 100 per cent placement because of the kind of quality education which is being given over there. Along with this, there is also an Incubation Centre where training is provided. In fact, all the students, who are studying in these institutions, have to go for a village adoption programme in which each of them adopts a village so that what they are learning in the lab is also be practised on the ground. So,

they get to know what the ground realities are. So, along with the Incubation Centres of which there is one in Bathinda and there is one in Assam, for skill development, there is a special package also under the Ministry of Skill Development where all kinds of courses are being run in the various sectors of food processing technology.

DR. SUBHASH RAMRAO BHAMRE (DHULE): I would like to ask a question to the hon. Minister. The Mega Food Park Scheme requires a minimum of 50 acres of land and it does not promote smaller or individual food processing and preservation unit. The Committee on Doubling of Farmers' Income, in its Report in August, 2017, recommended establishment of processing and value addition units at strategic levels. What steps have been taken by the Government to implement the recommendation of the Committee to expand the cold chain infrastructure?

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL: Sir, the hon. Member is correct that when our Government inherited this Ministry, there were only two schemes. One was the Mega Food Park Scheme which required 50 acres of land and another was the Cold Chain Scheme. But after seeing that acquiring 50 acres of land was a big problem, over the last five years, 7-8 schemes under the Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana have been brought. Sampada is to supplement agriculture, modernise food processing and decrease agri-wastes. I can happily tell this House that anybody, who has any kind of food cluster in his constituency, and wants to preserve or give value addition, under the Sampada scheme, from the smallest farmer to a Self-Help Group, from a

farmer producer organisation to an entrepreneur, from a big industrialist to anybody, all of them can take advantage of this scheme. There are 5-7 schemes under this. Under the Mega Food Park Scheme, 50 acres of land is required for big people. Under the Mini Food Park Scheme or for the agro-processing cluster, only 10 acres of land is required. Also, we give a grant to people who want to set up units inside these food parks. That is how, the unit schemes are there. As the hon. Member was saying there was nothing to encourage the units but we give a grant to people to put up units.

There is also a backward and forward linkage scheme where if a farmer wants to now start an agro-processing business, he can take a grant to link up. If a retailer now wants to start manufacturing and link it up with the farmer, he can also take a subsidy and work towards it. If there is a processor, who now wants to start growing and start selling, he can also do so. So, in the entire value chain, there is some scheme which is available for anybody who wants to promote food processing. They are all on the website, and I would be happy to assist you.

I would also like to tell this House that I think on Friday, from one o' clock to two o' clock, here in the Parliament House Annexe, my Ministry is holding a special session for the Parliamentarians regarding World Food India, 2019. In that, all the schemes are also going to be discussed. So, if there is any Member, who is interested in value-adding to something which is being grown or which is getting wasted, he is most welcome to attend and most welcome to ask questions.

DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR): Sir, in my Nandurbar constituency in Maharashtra, which is predominantly a tribal area, the people are engaged in farming activity. Most of the crops that they grow there are onion, chilli, banana, papaya and custard apples. These are perishable items and due to lack of cold storage facility, the farmers are compelled to sell their produce at a very low price. Since setting up of cold storage involves a huge investment, I would like to know from the hon. Minister, through you, whether the Government will provide financial aid for setting up a cold storage facility in my Nandurbar constituency.

Also, I would like to ask another question.

माननीय अध्यक्ष : एक प्रश्न ही पूछिए।

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL: Sir, I would like to assure the Member that we would be happy to assist in any way. As I mentioned in my answer setting up stand-alone cold storages is not part of the mandate of my Ministry; that is done by the Agriculture Ministry.

(1130/NK/VR)

In my Ministry, we assist in setting up of cold-chain units. The aim of my Ministry is to create a cold chain grid throughout the country for seamless transfer of food from production to consumption, which means that there should be some farm-level infrastructure – a storage, a minimal processing unit, washing, cleaning, grading at the farm gate level and reefer vehicles to transport it. Even one can do some processing there. So, a grant is given for all these things. If anybody wants to apply, we would be happy to assist.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य सदन में पहली बार सप्लीमेंटरी क्वेश्चन पूछ रहे हैं।

SHRI GAUTHAM SIGAMANI PON (KALLAKURICHI): Thank you, hon. Speaker, Sir. Through you, I would like to know from the hon. Minister whether there is any proposal to build a small-scale cold storage plant in Thalaivasal farmers' market which comes under my Kallakurichi constituency. It is the second largest farmers' market in Tamil Nadu. Around 2000 small farmers sell their produce here and the daily turnover is around Rs.40 lakh. If there is no such proposal, I request the hon. Minister to consider this proposal.

I also request the hon. Minister to build a cold storage plant with a capacity of 25 tonnes storage for the benefit of farmers in my constituency.

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL: I thank the hon. Member that he has asked me his first question.

I would be happy to help him. As I said earlier, my Ministry does not build only cold storages but we build an entire chain. There is something for everybody. If you have got these farmers' organisations over there or as you said, you have a *mandi* in your constituency which sells many things, I would like to say that anybody is welcome to apply for these storage and processing facilities. The Ministry itself does not set up a unit. But when people apply for these facilities, we give them subsidies. If they are small farmers, we assist by handholding them in every way, make them into farmer-producer organisations, help them keep their books, make their DPR, and so on. We assist them in every way because the aim of the Ministry is to encourage food processing so that food can be saved, it does not go waste, farmers get better

income, and inflation is under control, which is also better for the consumers as well.

माननीय अध्यक्ष: श्री रवनीत सिंह जी। माननीय सदस्य आप लंबा क्वेश्चन पूछते हैं, संक्षेप में क्वेश्चन पूछें। आप किसान हैं।

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी पंजाब से हैं। आपने मौका दिया है इनसे कोई न कोई फायदा ले लें, मेरे ख्याल से वह नाराज भी नहीं होंगे, कई बार नाराज हो जाती हैं। चूंकि ये लुधियाना विजिट करती रही हैं। लाडोवाल में एक मेगा फूड पार्क है। यह फूडपार्क सौ एकड़ में बना हुआ है। तकरीबन 47 एकड़ लैंड कॉमन फैसिलिटी के लिए है। 53 एकड़ लैंड पर अलग-अलग कंपनियों को अपनी फैक्ट्री लगानी थी। वहां फैसिलिटी बहुत अच्छी है, कई इश्यूज थे लेकिन now they have been sorted out. मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वहां बड़ी कंपनी आ सकें, आज वहां केवल दो ही बड़ी कंपनियां गोदरेज और बालाजी फूड हैं। पंजाब को फायदा हो जाएगा, मेन किसानों की बात है, डाइवरसिफिकेशन की बात है। मंत्री जी का हम लाभ उठाएं, इससे पंजाब को फायदा होगा।

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल: महोदय, मैं माननीय मेंबर का शुक्राना करती हूं और विश्वास दिलाती हूं कि इनसे मेरी नाराजगी नहीं है लेकिन इनकी सरकार से जरूर नाराजगी है।

माननीय अध्यक्ष: आप सरकार से नाराज मत हों, आप केन्द्र में मंत्री हैं।

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल: महोदय, मेरी नाराजगी इसलिए है क्योंकि पंजाब के किसानों को एग्रो प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन कि जरूरत है। जब मैं पूरी मेहतनत करके प्रोजेक्ट्स लगाती हूं और सरकार उस प्रोजेक्ट को साल-साल भर आगे बढ़ाती नहीं, कोई मदद नहीं करती तो अंडरस्टैंडेबली नाराजगी होती है। मैंने लगातार इनके मुख्य मंत्री को छह चिटिठयां लिखी हैं कि लाडोवाल मेगा फूड पार्क जिसका इन्होंने जिक्र किया है।

माननीय अध्यक्ष: इनके मुख्य मंत्री नहीं, पंजाब के मुख्य मंत्री कहिए। आपकी नाराजगी डेवलपमेंट करने के लिए है।

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल: महोदय, मैं इनसे मदद मांगूंगी क्योंकि इनके ही कंस्टीट्यूएंसी में लाडोवाल मेगा फूड पार्क को पिछले साल कम्प्लीट हो जाना चाहिए था, ईंधन आने के बाद मैंने फूड पार्क को सैंक्शन किया, उसे पूरा सपोर्ट दिया। ...(व्यवधान) आपको हैरानी होगी कि फूड पार्क के लिए आईक्यूएफ की मशीन ही नहीं लगी है और टेंडर भी नहीं किया गया है।

(1135/SK/SAN)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): यहां पंजाब सरकार की तरफ से कोई बोलने वाला नहीं है, इस तरह की कोई बात उठाना सही नहीं है।...(व्यवधान)

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल: यहां तक कि वहां जो ट्रांसफर्मर लगना है, ट्रांसफार्मर भी नहीं लगा।...(व्यवधान) यह अकेला फूड पार्क है जहां युनिट लग चुकी है और फूड पार्क का इनऑगरेशन नहीं हुआ। ...(व्यवधान) माननीय सदस्य द्वारा मैं रिक्वेस्ट करूंगी कि अपनी ही सरकार से हमारी मदद करवाएं ताकि जल्द से जल्द फूड पार्क इनऑग्रेट हो, इससे लाखों किसानों को फायदा होगा, रोजगार मिलेगा।...(व्यवधान)

महोदय, मैं जरूर ऐड करना चाहूंगी कि हमारे मंत्रालय की तरफ से पंजाब में 42 प्रोजेक्ट्स 1200 करोड़ रुपये के लगाये गए हैं। अगर पंजाब के सांसद और लगवाएंगे, मैं खुशी से और देने के लिए यहां खड़ी हूं, मैं उनकी पूरी मदद करूंगी।...(व्यवधान)

(इति)

(Q. 224)

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Sir, I have gone through the detailed reply given by the hon. Minister. It is really exhaustive and I thank the hon. Minister for this detailed reply. In this regard, I would like to put a question about insurance.

Though 'Agriculture' is in the State List and not in the Concurrent List, the hon. Prime Minister, through Prime Minister Fasal Bima Yojana, has come up with an insurance scheme where 50 per cent premium would be paid. In Andhra Pradesh, there were initiatives wherein the balance 50 per cent is being paid by the State, in addition to what is paid by the Centre. The Ayushman Bharat has been showered by the hon. Prime Minister on the kisans, who are the backbone. Is there any proposal to pay the full insurance premium to the farmer under something like Ayushman Kisan? It would be a good thing. Is there any proposal in this regard?

श्री परषोत्तम रूपाला: माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने किसानों की समस्याओं को उजागर करने के लिए सवाल उठाया है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों के रिस्क मैनेजमेंट करने के उम्दा आशय के साथ वर्ष 2016 में प्रस्तुत की थी। यह योजना वर्ष 1985 से चल रही है। इस योजना में कई परिवर्तन हो गए हैं, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना किसानों के रिस्क मैनेजमेंट के लिए उपयोग में ले रहे हैं। कल ही करीब 12 राज्यों के एग्रीकल्चर मिनिस्टर और 20 से ज्यादा राज्यों के वरिष्ठ एग्रीकल्चर अफसरों के साथ बैठक थी। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ मंत्री आदरणीय तोमर जी ने की थी। इसमें इस विषय को लेकर एग्रीकल्चर मिनिस्टर्स और अधिकारियों से राय ली गई है। आपका उद्देश्य है कि पूरा प्रीमियम केंद्र सरकार की ओर से सजैस्ट किया जाए। ऐसे कई सुझाव, एग्रीकल्चर कन्सर्न्स स्टेट के मिनिस्टर्स, कई

माननीय सांसदों और पिछले दौर में मोहन भाई कुंदरिया जी ने भी दिए थे। इन सारी चीजों को लेकर हमारा मशविरा चल रहा है। इसमें अभी यह तय नहीं है कि 100 परसेंट केंद्र सरकार स्वीकृत करेगी, लेकिन इसे मॉडिफाई करने की एक प्रक्रिया चर्चा में जरूर है।

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Thank you so much, Mantriji.

Recently, the Government has increased the Minimum Support Price for 16 crops, which is a very welcome step. In this regard, M.S. Swaminathan Committee has given some recommendations, according to which in the formula adopted, the labour input by the family of the farmer has also to be taken into consideration, which would further improve the Minimum Support Price as a remunerative price. This is a very good suggestion extended by Swaminathan Committee. Is the Government considering, in the interest of the farmer, the recommendation made by Dr. M.S. Swaminathan?

श्री परषोत्तम रूपाला: माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने पूछा है कि किसानों की फैमिली के श्रम का मूल्य इसकी लागत के साथ जोड़ना चाहिए। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्तमान में लागत इवैल्युएट करने का जो सिस्टम है, उसमें पूरे किसान परिवार का श्रम मूल्य शामिल कर दिया गया है। यह सुझाव स्वीकृत कर लिया गया है।

(1140/MK/RBN)

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): अध्यक्ष महोदय, जिस राज्य से मैं आती हूं, उस राज्य का जो सर्वे आया है, उसमें कहा गया है कि रोज आठ किसान आज आत्महत्या कर रहे हैं। आज सरकार की तरफ से जो उत्तर आया है, I would like to quote the Government document. It is from the Government of Maharshtra's Economic Survey. You can verify it. In the reply it has been said – I know it is a State subject – "The

Government has reoriented the agricultural sector by focussing on the income-centric approach against the earlier production-centric approach. This focusses on achieving high productivity, reduced cost of cultivation."

My pointed question is this. With the petrol and diesel prices going up and nothing specific being there for this sector in the Budget, how are you going to reduce the cost of cultivation, increase the income of farmers and reduce farmers' suicides not just in Maharashtra though my State is highly drought affected?

Even if it is a State subject, which I am aware, what specific intervention is this Government doing? In the UPA regime, under the leadership of hon. Manmohan Singh ji, Rs. 70,000 crore loan waiver was given. Do you intend to do something similar like this in the interest of my State of Maharashtra?

श्री परषोत्तम रूपाला: माननीय सदस्या ने एक बहुत ही अच्छा सवाल उठाया है और उन्होंने चाहा है कि लागत को कम करने के लिए वर्तमान सरकार के द्वारा कौन-से स्टेप उठाए जा रहे हैं? उन्होंने यह भी जिक्र किया कि डेब्ट वेवर का एक बड़ा काम उनकी सरकार के द्वारा डॉ.मनमोहन सिंह जी की रिज़ीम में किया गया था। हम सबको यह पता है। हम इसके बारे में कुछ नहीं कहना चाहते हैं, मगर हम आपके संज्ञान में इस सवाल के जवाब के संदर्भ में यह जरूर लाना चाहते हैं कि हम पूरे देश के किसानों को जिन्होंने ब्याज लिया है, उनको ब्याज मुक्त करना है ऐसा नहीं है। मगर, प्रत्येक किसान को हर साल 6000 रुपये इनके एकाउंट में डालने का प्रयोग कर रहे हैं और 11000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष किसानों को मिलने वाले हैं। मुझे यह बताते हुए बड़ी खुशी हुई कि पहले कुछ राज्य इसके लिए संकोच करते थे, लेकिन कल ही सारे राज्यों के एग्रीकल्चरल मिनिस्टरों ने इसके लिए अपनी प्रसन्नता जाहिर की है और उनके द्वारा डेटा भेजने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

अब उनकी दूसरी मूल बात कि कॉस्ट रिडक्शन के लिए इस सरकार द्वारा क्या किया गया? हमारे विजनरी प्रधान मंत्री जी ने जब डबल फार्मिंग की बात रखी थी, उसका मूल आधार था- Scheme for cost reduction, scheme for risk mitigation, scheme for productivity, and scheme for right prices. इसकी लागत कम हो, उसके रिस्क का मैनेजमेंट हो, उसको सही दाम मिले, इसी संदर्भ में हमने सॉयल हेल्थ कार्ड के रूप में एक व्यापक कार्यक्रम पूरे देश में इन्वाल्व किया है। इसके उपयोग से किसान अपने खेत में जितना आवश्यक है उतने फर्टिलाइजर का उपयोग करे, जितनी मात्रा में करना चाहिए, उतना ही करे। हमारी सरकार ने उसी फर्टिलाइजर को 100 परसेंट नीम कोटेड करके यूज करने का प्रावधान किया है। पहले के समय में यूरिया लेने के लिए किसानों को लाठियां खानी पड़ती थीं, आज पूरे देश में कहीं से भी यूरिया की डिमांड के लिए कोई कम्प्लेन नहीं आ रही है। सभी को समय से यूरिया मिल रहा है। नीम कोटेड यूरिया के उपयोग से उसकी मात्रा भी यूज में कम लगती है और नीम कोटिंग से किसान खेत में ज्यादा समय तक फर्टिलिटी भी बनाए रखता है।

दूसरा, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के एक घटक के तौर पर 'पर क्राप मोर ड्राप' वाला जो हमारे प्रधान मंत्री जी का विजन है, उसके चलते हम किसानों को माइक्रो इरीगेशन को बढ़ावा देने के लिए सहायता देते हैं। Mission for Organic and Value Chain Development for North-Eastern States.खासकर, नार्थ ईस्ट के जो हमारे राज्य हैं, वहां ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए, इसको प्रोत्साहित करने से भी एग्रीकल्चर की कॉस्ट कम होती है। हर पेड़ के साथ मेढ़ लगाने की एक योजना सरकार की ओर से लागू की गई है।

(1145/YSH/SM)

हम परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक खेती को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इन सारी योजनाओं को किसान अपने खेत में लागू करे तो अवश्य ही इनकी लागत में कटौती होगी।

श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चंपारण): महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि लगभग 75 हजार करोड़ की जो कर्जा माफी की घोषणा की गई थी, उसमें कितने किसानों का कर्जा माफ हुआ है? उसमें क्या-क्या विसंगतियां ऑडिट रिपोर्ट में आई थी? जिस वर्ष कर्जा माफ हुआ, क्या उसके अगले वर्ष आत्महत्याओं में बढ़ोतरी हुई थी या कमी आई थी यह मैं जानना चाहूंगा।

श्री परषोत्तम रूपाला : माननीय अध्यक्ष जी, वैसे यह कर्जा माफी वाले इश्यू से रिलेटेड नहीं है, मगर राधा मोहन सिंह जी मेरे सीनियर मिनिस्टर भी रहे थे और मैं इनके संरक्षण में हाउस में जवाब दिया करता था। उनकी यह बात सही है कि कर्जा माफी करने के बाद के वर्षों में भी आत्महत्याओं की घटनाओं में बढोतरी हुई थी। यह रिकॉर्ड पर था। मैं मानता हूं कि किसानों की आत्महत्याओं को राजनीतिक रंग से देखने की जरूरत नहीं है...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी आप चौधरी जी का जवाब न दें। आप सिर्फ राधा मोहन जी का जवाब दें। मैंने आपको एलाउ नहीं किया।

...(व्यवधान)

श्री परषोत्तम रूपाला : सर, उसमें एक यह भी जिक्र किया था कि जो ऑडिट हुआ था, उस ऑडिट में ऐसे मामले भी सामने आए थे कि उन लोगों का भी कर्जा माफ हो गया था, जो किसान ही नहीं थे।

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदय, सदन और देश के किसानों को आपका संरक्षण चाहिए। पांच पेज का उत्तर है, पांच पेज के उत्तर में जो प्रश्न है,...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, एक मिनट रुकिए। आप सदन में पहली बार तो आए हैं, लेकिन प्रश्न काल में ऐसे खड़े नहीं होते हैं।

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदय, पांच पेज के इस उत्तर में जो प्रश्न है वह किसान आत्महत्या के ऊपर है। इस पर पांच पेज में एक भी आंकड़ा नहीं है।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप तो प्रश्न पूछिए।

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष जी, प्रश्न ही पूछ रहा हूं कि देश में किसानों की कितनी आत्महत्याएं हुई है, उसके बारे में उत्तर में लिखा ही नहीं है। हम इसलिए जानना चाहते हैं, क्योंकि यह प्रश्न किसान आत्महत्या नियंत्रण का है, तो सदन को कैसे पता चलेगा कि नियंत्रण हो रहा है या नहीं हो रहा है। मंत्री जी छिपा रहे है कि देश में कितनी आत्महत्याएं हो रही है। अभी-अभी उन्होंने खुद कहा है कि पिछली यू.पी.ए. सरकार के बाद वहां जो लोन वेवर हुआ, उसके बाद किसानों की आत्महत्याओं की संख्या बढ़ी हैं, तो उसका यहां पर विस्तार क्यों नहीं है? आज यहां की केन्द्र सरकार पांच पेज के उत्तर में देश के किसान की आत्महत्याओं को नजरअंदाज कर रही है, उसका डेटा नहीं रख रही है। पी.एम. ने किसानों को कितना दिया इसका तो रिकॉर्ड है, लेकिन कितने किसानों की आत्महत्या हुई उसका रिकॉर्ड नहीं है।

श्री परषोत्तम रूपाला : माननीय अध्यक्ष महोदय, जो जवाब हमने दिया है, उसमें ही लिखा हुआ है और आत्महत्या के बारे में सारे डेटा इसमें लिखे हुए भी है। वर्ष 2015 के बाद ये डेटा एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट और होम डिपार्टमेन्ट की ओर से प्रकाशित होता है। क्राइम रिकॉर्ड के ब्यूरो से जो प्रकाशन होता है उसके आधार पर हम कृषि विभाग के जरिये यहां रखते हैं। वर्ष 2015 के बाद में राज्यों के साथ उनका कंसिलियेशन चल रहा है तो इसके चलते राज्यों से यह डेटा अभी उपलब्ध नहीं है। वे प्रकाशित नहीं हुए है। वर्ष 2015 के डेटा के आधार पर आत्महत्या में वृद्धि के बारे में बताया था।

(इति)

(प्रश्न 225)

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी विभाग भारतीय खाद्य निगम द्वारा 563 डिपो गोदाम संचालित होते हैं और केन्द्रीय भण्डार निगम द्वारा 421 भण्डार प्रचलन में हैं। कुल 984 भण्डार देश में प्रचलन में हैं। मैं बहुत प्रसन्नता से कहना चाह रहा हूं कि आपने इन भण्डारों की सारी प्रणाली को ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित किया है। इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद।

(1150/RPS/AK)

इससे निश्चित ही लीकेज रोकने में बड़ी सफलता मिलेगी। मैं जानना चाहता हूं कि ऑनलाइन मॉनीटरिंग में लीकेज तो रुकेगी, मगर डिपो में रखा हुआ खाद्यान्न अगर गुणवत्ता खो चुका हो तो उसकी गुणवत्ता बचाने के लिए देश में क्या प्रयास हो रहा है? जो खाद्यान्न गुणवत्ता खो चुका है, कितने प्रतिशत खाद्यान्न प्रतिवर्ष खराब होकर मानव उपयोग योग्य नहीं रहता है और इस खराब खाद्यान्न का क्या उपयोग होता है?

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, यह बात सही है कि 1 जून, 2019 के आंकड़ों के अनुसार हमारे पास 563 गोदाम हैं, जिनमें से 532 गोदाम प्रचलन में हैं और 31 गोदाम प्रचलन में नहीं हैं। सीडब्ल्यूसी के 185 गोदाम हमारे पास हैं, जिनमें से 144 प्रचलन में हैं। माननीय सदस्य ने यह प्रश्न पूछा है कि उसका रखरखाव कैसे होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हमारे पास गोडाउन में जो अनाज होता है, उसका रखरखाव करने के लिए सरकार पूरा बन्दोबस्त करती है। आज हमारे 3 लाख 40 हजार मीट्रिक टन का स्टॉक है और हमारी क्षमता 4 लाख 81 हजार मीट्रिक टन है। आज की तारीख में उसमें से कोई भी खाद्यान्न खराब नहीं है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री रामविलास पासवान): अध्यक्ष जी, इन्होंने कहा है कि उसके लिए क्या उपाय किए गए हैं, उसमें हम लोगों ने पांच उपाय किए हैं। एक, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। दूसरा, हम लोग डिपो का औचक निरीक्षण करवाते हैं। तीसरा,

वहां सुरक्षा स्टाफ की तैनाती होती है, गोदाम परिसर में हाई-मास्ट लाइट्स लगाई गई हैं और कांटेदार चारदीवारी लगाई गई है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि अब जो अनाज वगैरह उसमें से निकाला जाता है, सिर्फ उतना ही डैमेज हो रहा है, जिसकी परसेंटेज 0.1 या 0.2 है। इसलिए वह नगण्य हो गया है। पहले जो इस तरह की सूचनाएं आती थीं, अब वे सूचनाएं आनी भी बन्द हो गई हैं।

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): धन्यवाद, माननीय मंत्री जी। विशेष रूप से मैं माननीय मोदी जी के साथ-साथ आपको भी धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने देश में 'वन नेशन, वन राशनकार्ड' जैसी अभिनव प्रणाली देश को दी है। इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र मंदसौर कृषि प्रधान क्षेत्र है, वहां औद्योगीकरण नहीं पहुंचा है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि क्षेत्र के किसानों एवं व्यापारियों ने वेयरहाउसेज का निर्माण करने में रुचि ली है। क्या मंत्रालय इन वेयरहाउसेज को किराये पर लेकर, क्षेत्र के वेयरहाउसेज को संरक्षण प्रदान करने की किसी योजना पर विचार करेगा?

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव: अध्यक्ष महोदय, अपने पास जो क्षमता है, वह 4 लाख 81 हजार मीट्रिक टन की क्षमता है और अभी हमारे पास स्टॉक 3 लाख 40 हजार मीट्रिक टन है। कुल मिलाकर देश भर में जितने अनाज की खरीद होती है, उस क्षमता के अनुसार हमारे पास पूरे गोडाउन्स हैं। सीडब्ल्यूसी, एसडब्ल्यूसी, पीईजी और एफसीआई को मिलाकर जितनी क्षमता होती है, हमारे पास उतने गोडाउन्स हैं। अगर ऐसी जरूरत पड़ी तो इसके लिए कोशिश की जाएगी।

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): अध्यक्ष जी, एफसीआई के बोरिवली और पनवेल डिपो के कारोबार के बारे में मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, फरवरी, 2017 में बोरिवली डिपो से 275 मजदूरों का स्थानांतरण पनवेल डिपो में करके बोरिवली डिपो में ठेकेदार प्रथा की शुरुआत की गई। इस बारे में मंत्री जी के साथ बैठक करके, निवेदन देकर मैं यह बात उनके ध्यान में लाया था, लेकिन एफसीआई अधिकारी कांट्रैक्ट

करने में मशगूल थे, कैसे मुझे कांट्रैक्ट मिलेगा और उसमें मेरा हिस्सा कैसे मिलेगा, इसमें ज्यादा मशगूल थे, लेकिन माने नहीं। मंत्री जी समझते थे, लेकिन अधिकारियों पर रोक नहीं लगा पाए। वर्तमान समय में पनवेल डिपो की क्षमता 96 हजार मीट्रिक टन है और उसकी आउटपुट कैपेसिटी 18 से 20 मीट्रिक टन प्रति महीना है। वहां इन मजदूरों का स्थानांतरण होने के बाद, अब मजदूरों की कुल संख्या 600 हो गई है। इस समय पनवेल डिपो में 100 से 150 मजदूर बिना काम किए वेतन प्राप्त करते हैं। जहां काम है, वहां से उनको उधर भेजा गया है। वहां उनके लिए काम नहीं है और एफसीआई द्वारा उनको वेतन दिया जाता है, क्योंकि वहां उनको कांट्रैक्ट चाहिए। बोरिवली डिपो की क्षमता 2 लाख 50 हजार मीट्रिक टन है और आउटपुट 50 से 60 मीट्रिक टन प्रति महीना है। वहां कांट्रैक्ट मजदूर समय पर काम पूरा नहीं कर पाते हैं, जिसके कारण एक बड़ी धनराशि बोरिवली के खाद्य निगम अधिकारियों को ओवरटाइम के रूप में, रेलवे को डैमरेज चार्जेज के रूप में और पनवेल में मजदूरों को बिना काम के वेतन देने के लिए खर्च होती है। अत: मैं माननीय जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार बोरिवली डिपो से पनवेल डिपो में स्थानांतरित किए गए मजदूरों को वापस बोरिवली डिपो में स्थानांतरित करने पर विचार करेगी? यह इसलिए भी करना चाहिए कि अधिकारियों का जो कांट्रैक्ट व्यवस्था में इंट्रेस्ट है, वह कांट्रैक्ट रद्द हो जाएगा। आउटसोर्सिंग से ये अधिकारी पैसा लेते हैं। इस तरह से एफसीआई को जो नुकसान किया जाता है, क्या उसके ऊपर कठोर कार्रवाई करेंगे और पनवेल स्थानांतरित किए गए मजदूरों को क्या आप वापस बोरिवली लाएंगे? यही मेरा मंत्री जी से सवाल है।

(1155/RPS/SPR)

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव: अध्यक्ष महोदय, इसके लिए माननीय सदस्य को अलग से प्रश्न पूछना चाहिए था। फिर भी, माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है, अगर यह उनकी जानकारी है और इस बारे में हमें चिट्ठी लिखते हैं तो मैं उनको सभी जानकारी दे दूंगा। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य अब बैठ जाइए, आपने बहुत लम्बा प्रश्न पूछ लिया है।

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट ।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट (पुणे): अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री श्री रामविलास पासवान और श्री दानवे रावसाहेब दादाराव को धन्यवाद देना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में इस विभाग का मंत्री होने के नाते बहुत अच्छा सहयोग मिला। जब चोरी का सवाल पैदा होता है, आपने बहुत सारे प्रबन्ध किए हैं, जैसे दीवार बांधना, सीसीटीवी कैमरे लगाना आदि सब किया गया है। वहां जीपीएस सिस्टम भी लगाना चाहिए, क्योंकि चोरी अंदर नहीं होती है, चोरी गोडाउन से ट्रक बाहर जाने के बाद होती है। अगर आपने जीपीएस सिस्टम को एडॉप्ट किया तो बहुत सारी ऑनलाइन इन्फार्मेशन स्टेट को मिलती है, कलेक्टर को भी मिलती है और ठेकेदारों की पेमेंट जीपीएस क्लियरेंस होने के बाद ही करने का प्रबंध हो तो चोरी और भी कम हो जाएगी। मुझे लगता है कि अगर सरकार इस पर ध्यान और इसे बंधनकारी करे तो इसमें चोरी कम होने की संभावना अधिक है।

श्री रामविलास पासवान: अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो विचार व्यक्त किया है, वह बिल्कुल सही है। जहां तक डिपो ऑनलाइन करने की बात है, आप देखेंगे कि जो गोडाउन सीडब्ल्यूसी और एफसीआई के हैं, वे 100 प्रतिशत ऑनलाइन हो गए हैं। अब दिक्कत यह है कि हमारे पास कुल 2018 डिपो हैं, बाकी डिपो राज्य सरकार के हैं। राज्य सरकारों में भी सात राज्य ऐसे हैं, जिनके डिपो ऑनलाइन चल रहे हैं। हम चाहते हैं कि केन्द्र और राज्य सरकार, दोनों का ऐसा समन्वय हो कि हम अपने ऑफिस से बैठकर देख सकें, कहीं से भी कोई भी देख सके कि अनाज कहां से जा रहा है, ट्रक कहां से जा रहा है और कैसे जा रहा है, इसका पता लगाया जा सके। इसके लिए हम लोगों ने छ: महीने का समय दिया है। जनवरी के पहले सप्ताह तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। जहां तक जीपीएस सिस्टम का सवाल है, रेल से भी सामान आते हैं, ट्रक से भी सामान आते हैं। हमने कहा है कि एक महीने के अंदर और मैक्सिमम तीन महीने के अंदर, चाहे रेलवे हो या ट्रक हो, जीपीएस सिस्टम लागू करें, जिससे बिल्कुल पारदर्शिता रहे।

(इति)

(प्रश्न 226)

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी द्वारा दिया गया जवाब संतोषप्रद है। बिहार की स्वीकृत 17,734 सड़क परियोजनाओं में से 15,860 सड़क परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। सुपौल में भी 224 सड़कों में से 167 सड़क परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। महोदय, गत 14 वर्षों में बिहार के माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हुआ है।

(1200/RAJ/UB)

गली, नाली और गांव से मुख्य सड़क पर मिलाने वाली सड़कों का भी काफी विस्तारीकरण हुआ है। महोदय, सुपौल कोसी क्षेत्र है। उस क्षेत्र में हमेशा बाढ़ आती है, जिसके फलस्वरूप काफी सड़कें टूट गई हैं और सड़कें बनाने की आवश्यकता है। क्षेत्र के अंतर्गत सड़कें पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनाने की आवश्यकता है, उसके लिए सर्वे करने की आवश्यकता है। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि 'प्रधानमंत्री सड़क योजना' के अंतर्गत सुपौल जिला में कितनी सड़कों की स्वीकृति के लिए सर्वे तथा डीपीआर हो चुका है? अगर नहीं हुआ है तो वह कब तक होगा? इसके बारे में आश्वासन देने की कृपा करें।

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज मैं अपने कैबिनेट मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिन्होंने मुझे आज उत्तर देने का अवसर दिया है। माननीय सांसद जी ने स्वयं स्वीकार किया है कि 'प्रधानमंत्री सड़क योजना' के अंतर्गत बिहार में जो सड़कें वहां से प्रस्तावित होकर आई थीं -17,734, उनमें से 15,808 पूरी हो चुकी हैं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आज के दिन मैं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करना चाहती हूं। मैं गांव से आती हूं। मेरे समय में वहां कोई सड़क नहीं थी, लेकिन जब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी सरकार में आए तो उन्होंने 'प्रधानमंत्री सड़क योजना' चला कर गांवों को जोड़ने का काम किया। इसलिए मैं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन करते हुए, आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे उत्तर देने का अवसर दिया। (इति)

प्रश्न काल समाप्त

स्थगन प्रस्ताव के बारे में घोषणा

1202 बजे

माननीय अध्यक्ष : मुझे विभिन्न विषयों पर कुछ सदस्यों से स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई है। यद्यपि ये मामले महत्वपूर्ण हैं तथापि इनके लिए आज की कार्यवाही में व्यवधान डालना आवश्यक नहीं है। इन मामलों को अन्य अवसर पर उठाया जा सकता है, इसलिए मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1203 बजे

माननीय अध्यक्ष : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। **श्री जी. किशन रेड्डी** ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY): Sir, on behalf of Shri Amit Shah, I beg to lay on the Table a copy of each of the following papers (Hindi and English versions):-

1. Detailed Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs (Volume I) for the year 2019-2020.
2. Detailed Demands for Grants of the Ministry of Home Affairs (Union Territories) (Volume II) for the year 2019-2020.

*****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं वर्ष 2019-2020 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदानों की विस्तृत मांगों की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

******

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI MANSUKH L. MANDAVIYA): Sir, I beg to lay on the Table:-

1. A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under Section 394 of the Companies Act, 2013:-
   (i) Review by the Government of the working of the Karnataka Antibiotics and Pharmaceuticals Limited, Bangalore, for the year

2017-18.

(ii) Annual Report of the Karnataka Antibiotics and Pharmaceuticals Limited, Bangalore, for the year 2017-18, along with Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

2. Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

3. A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the National Institute of Pharmaceutical Education and Research, Ahmedabad, for the year 2017-2018, together with Audit Report thereon.

4. Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (3) above.

5. A copy of the Annual Accounts (Hindi and English versions) of the National Institute of Pharmaceutical Education and Research, Guwahati, for the year 2016-2017, together with Audit Report thereon.

6. Statement (Hindi and English versions showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (5) above.

7. A copy of the Memorandum of Understanding (Hindi and English versions) between the Karnataka Antibiotics and Pharmaceuticals Limited and the Department of Pharmaceuticals, Ministry of Chemicals and Fertilizers, for the year 2019-2020.

8. A copy of Notification No. G.S.R.1705(E) (Hindi and English versions)

published in Gazette of India dated 8th May, 2019 order indicating the supplies of urea to be made by domestic manufacturers of urea to States and Union Territories during Kharif, 2019 under sub-section (6) of Section 3 of the Essential Commodity Act, 1955.

*****

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रजी) सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड तथा भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन ।

(दो) भारत पम्पस एंड कम्प्रेसर्स लिमिटेड तथा भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन ।

*****

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) स्वामी विवेकानंद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैब्लिटेशन ट्रेनिंग एंड रिसर्च, कटक के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) स्वामी विवेकानंद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैब्लिटेशन ट्रेनिंग एंड रिसर्च, कटक के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा की समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन ।

(दो) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन ।

*****

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) भारतीय खाद्य निगम, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय खाद्य निगम, नई दिल्ली के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन तथा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 42 की उप-धारा (2) के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (कठिनाई को दूर करना) आदेश, 2019, जो 10 अप्रैल, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1557(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 40 के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (संशोधन) नियम, 2019, जो 29 मई, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 382(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY): Sir, I beg to lay on the Table:-

1. (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the National Foundation for Communal Harmony, New Delhi, for the year 2017-18, alongwith Audited Accounts.

   (ii) Statement regarding Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the National Foundation for Communal Harmony, New Delhi, for the year 2017-18.

2. Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

3. A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under sub-section (3) of Section 23 of the Enemy Property Act, 1968:-

   (i) The Guidelines for disposal of Enemy Property (Amendment) Order, 2019 published in Notification No. G.S.R.201(E) in Gazette of India dated 8th March, 2019.

   (ii) The Procedure and mechanism for Sale of Enemy Share Order, 2019 published in Notification No. G.S.R.885(E) in Gazette of India dated 18th February, 2019.

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री परषोत्तम रूपाला): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) गुजरात राज्य बीज निगम लिमिटेड के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) गुजरात राज्य बीज निगम लिमिटेड का वर्ष 2017-2018 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) नाशक कीट और नाशक जीव अधिनियम, 1914 की धारा 4(घ) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) पादप संघरोध (भारत में आयात का विनियमन) (पहला संशोधन) आदेश, 2019, जो 21 फरवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 941(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) पादप संघरोध (भारत में आयात का विनियमन) (दूसरा संशोधन) आदेश, 2019, जो 13 जून, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1728(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) पादप संघरोध (भारत में आयात का विनियमन) (तीसरा संशोधन) आदेश, 2019, जो 24 मई, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1817(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(चार) पादप संघरोध (भारत में आयात का विनियमन) (चौथा संशोधन) आदेश, 2019, जो 12 जून, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1954(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(4) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 42 की उप-धारा (2) के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (बोरिक अम्ल के लिए मानक) आदेश, 2019, जो 17 मई, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या का.आ. 1766(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 36 की उप-धारा (3) के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ. 1767(अ) जो 17 मई, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो कीटनाशी अधिनियम, 1968 की अनुसूची में 25 कीटनाशकों को शामिल किए जाने के बारे में है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजीव बालियान): अध्यक्ष महोदय, मैं भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम, 1984 की धरा 66 की उप-धारा(3) के अंतर्गत भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् (पशु चिकित्सा महाविद्यालयों और पशु चिकित्सा अर्हताओं को मान्यता दिए जाने और उनकी मान्यता समाप्त किए जाने की प्रक्रिया) (संशोधन) नियम, 2019 जो 6 मार्च, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 197(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

*****

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय): अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) सशस्त्र सीमा बल अधिनियम, 2007 की धारा 155 की उप-धारा (3) के अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल कम्बैटाइज्ड कम्युनिकेशन सर्विस (समूह 'ख' और 'ग' पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 2019, जो 11 मार्च, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 74 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) असम राइफल्स अधिनियम, 2006 की धारा 167 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) असम राइफल्स नायब सूबेदार (इलैक्ट्रीशियन मोटर यान) समूह 'ख' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 7 जुलाई, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 201 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) असम राइफल्स (समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 2 फरवरी, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि.36 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) असम राइफल्स नायब सूबेदार (सामान्य ड्यूटी) समूह 'ख' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 11 अगस्त, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 247 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) असम राइफल्स सिविल स्टाफ समूह 'ख' पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 11 अगस्त, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 248 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) असम राइफल्स (पैरा मेडिकल संवर्ग) समूह 'ग' गैर-मंत्रालयी, कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 25 अगस्त, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 273 में प्रकाशित हुए थे।

(छह) असम राइफल्स सूबेदार मेजर स्टोर कीपर टेक्निकल (इंजीनियर्स), समूह 'ख' पद (कम्बैटाइज्ड) भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 7 जुलाई, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 203 में प्रकाशित हुए थे।

(सात) असम राइफल्स नायब सूबेदार (धार्मिक अध्यापक) कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 15 सितम्बर, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 295 में प्रकाशित हुए थे।

(आठ) असम राइफल्स नायब सूबेदार (अध्यापक) समूह 'ख' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 7 जुलाई, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 202 में प्रकाशित हुए थे।

(नौ) असम राइफल्स वारंट आफिसर (रेडियो मैकेनिक) समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 18 अगस्त, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 264 में प्रकाशित हुए थे।

(दस) असम राइफल्स सूबेदार मेजर (भवन और सड़क) (इंजीनियर्स) समूह 'ख' पद (कम्बैटाइज्ड) भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 7 जुलाई, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 204 में प्रकाशित हुए थे।

(ग्यारह) असम राइफल्स पैरा-मेडिकल स्टाफ (फार्मासिस्ट) समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2018 जो 2 फरवरी, 2018 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 37 में प्रकाशित हुए थे।

(3) जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 18 की उप-धारा (3) के अंतर्गत जनगणना (संशोधन) नियम, 2018 जो 20 जून, 2018 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 576(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) आपदा प्रबंध अधिनियम, 2005 की धारा 77 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंध संस्थान कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा की अन्य शर्तें) संशोधन नियम, 2018 जो 11 जनवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 25(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 141 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण): -

(एक) गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल, (कम्बैटाइज्ड स्टेनोग्राफर्स काडर), समूह 'क' और समूह 'ख' पद, भर्ती नियम, 2019, जो 18 मई, 2019 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 118 में प्रकाशित हुए थे ।

(दो) सीमा सुरक्षा बल, कम्बैटाइज्ड सहायक उप-निरीक्षक (स्टेनोग्राफर) तथा हेड कांस्टेबल (मंत्रालयी) भर्ती (संशोधन) नियम, 2019, जो 30 जनवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 75 में प्रकाशित हुए थे ।

(तीन) गृह मंत्रालय, सीमा सुरक्षा बल, पैरा वेटरिनरी स्टाफ, समूह 'ख' और समूह 'ग' (गैर-राजपत्रित) पद (कम्बैटाइज्ड) भर्ती नियम, 2019, जो 26 फरवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 147(अ) में प्रकाशित हुए थे ।

(1205/KMR/IND)

MESSAGES FROM RAJYA SABHA

1205 बजे

SECRETARY GENERAL: Sir, I have to report the following messages received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

(i) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 8th July, 2019 agreed without any amendment to the Dentists (Amendment) Bill, 2019 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 3rd July, 2019."

(ii) "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 8th July, 2019 agreed without any amendment to the Aadhaar and Other Laws (Amendment) Bill, 2019 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 4th July, 2019."

गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 216वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य – सभा पटल पर रखा गया।

1206 बजे

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय): अध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय से संबंधित 'चक्रवात ओक्खी-मछुआरों पर इसका प्रभाव और इससे हुई क्षति' के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के 216वें प्रतिवेदन के अध्याय-तीन और चार में श्रेणीबद्ध पैरा के संबंध में समिति द्वारा प्रस्तावित सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

माननीय अध्यक्ष : शून्य काल।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, मैंने कल शून्य काल में आपको बोलने के लिए अलाऊ किया था।

श्री हरीश द्विवेदी।

…(व्यवधान)

विशेष उल्लेख

श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती (उत्तर प्रदेश) के जिला मुख्यालय से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित संत रविदास वन बिहार पार्क, जो वर्ष 1988 में स्थापित हुआ था, की ओर दिलाना चाहता हूं।...(व्यवधान) स्थापना काल से ही यह पार्क बस्ती सहित इसके आस-पास के क्षेत्र के लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र रहा है। पूर्व में यहां आकर्षक बाल उद्यान, झीलें, फव्वारा, झूला, नौकायान आदि की व्यवस्था थी।...(व्यवधान) साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों व कुवानो नदी के घाट पर बसे होने के कारण यहां आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण प्राप्त होता था। किंतु महोदय, पिछले कुछ वर्षों से यह पार्क अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। पूरा पार्क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आ चुका है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करता हूं कि इस पार्क की महत्ता को देखते हुए इसे आधुनिक रूप में विकसित करके इसके पुराने स्वरूप में लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अधीर जी, आप बैठ जाएं। आप यदि शून्य काल में किसी विषय पर बोलना चाहते हैं, तो मुझे लिख कर दे दीजिए। मैंने आपको हमेशा बोलने के लिए अलाऊ किया है। मैंने कल भी आपको पूर्ण रूप से बोलने के लिए अलाऊ किया था। सरकार की तरफ से भी जवाब दिया गया था। आपको यदि कोई सवाल शून्य काल में उठाना है, तो आप विषय लिखकर दें। मैंने आउट ऑफ टर्न भी आपको मौका दिया है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): महोदय, मैंने लिखकर दिया है।

माननीय अध्यक्ष : आपने शून्य काल में बोलने के लिए लिखकर नहीं दिया है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): महोदय, हमने एडजार्नमेंट मोशन दिया है।

माननीय अध्यक्ष : एडजार्नमेंट मोशन मैंने डिसअलाऊ कर दिया है। आप शून्य काल में दोबारा लिखकर दीजिए। मैं विचार करूंगा।

…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): महोदय, जीरो ऑवर में दोबारा मौका नहीं दिया जा सकता, यह रूल है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने जवाब दे दिया है।

श्री विजय कुमार दूबे।

…(व्यवधान)

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है।

महोदय, कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के किसान गन्ने की खेती पर आश्रित हैं। मैंने पूर्व में सदन में एक मुद्दा उठाया था कि बढ़ती पैदावार और घटती हुई चीनी मिलों के कारण गन्ना किसान घोर संकट में हैं।…(व्यवधान) गन्ना किसानों के लिए चीनी मिलों के अलावा उनकी खेती का मुख्य स्रोत सिंचाई है। सिंचाई की व्यवस्था में उन्हें मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की सुविधा मिली है।…(व्यवधान) मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि गन्ना किसानों की सिंचाई का स्रोत मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के दोनों बैंक जगह-जगह से टूटे हुए हैं और रजबहा हेड से टेल तक इतने माइनर हैं, जिनमें हैड से टेल तक पानी नहीं पहुंचता है।…(व्यवधान) इनके अलावा गन्ना किसानों को गन्ना पर्ची की समस्या भी आती है, क्योंकि निरंकुश अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यवस्था के चलते पर्ची का संकट भी गन्ना किसानों के सामने है।…(व्यवधान)

(1210/VB/SNT)

हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने, गन्ना टिकट आबंटन का जिम्मा मिल वालों के पास जब तक था, तब तक गन्ना माफियाओं द्वारा गन्ना किसानों का शोषण करने का

क्रम चलता रहा।...(व्यवधान) इस क्रम को बंद करने के लिए माननीय योगी आदित्यनाथ महाराज ने कमान संभालते ही गन्ना किसानों की सुविधा के लिए गन्ना टिकट आबंटन का जिम्मा मिल वालों से हटाकर सोसायटी के जिम्मे कर दिया।...(व्यवधान) इसके कारण, गन्ना माफियाओं द्वारा जो गन्ना किसानों का आर्थिक शोषण किया जाता था, उस पर पूर्ण विराम लग गया।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि गन्ना मूल्य भुगतान समय से चल रहा है, लेकिन हमारे कुशीनगर जनपद के कुछ गन्ना किसान विशेष संकट में हैं।...(व्यवधान) लक्ष्मीगंज और छिटौनी मिलें, जो आज बंद हैं, उन पर कोई मुकदमा नहीं है। इनको पुन: चालू करने और कुशीनगर जनपद में एक इथेनॉल फैक्ट्री लगाने की कृपा करें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विजय कुमार दुबे द्वारा उठाए गए विषय से संबंद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा उठाने के लिए यहाँ खड़ा हुआ हूँ। ...(व्यवधान)

आज देश के अंदर जिस तरीके से लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, वह किसी से छुपा नहीं है। हम लोग लोकतंत्र के माध्यम से यहाँ चुनकर आए हैं। अगर इस देश में लोकतंत्र भीड़तंत्र के माध्यम से खत्म हो जाएगा, तो यह देश के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ...(व्यवधान) मैंने जो लिखकर दिया है, मैं उसी पर आ रहा हूँ। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप भूमिका मत बाँधिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मैं वही सवाल पूछ रहा हूँ। आपको एप्रीशियेट करना चाहिए कि हाउस शांत है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से यह पूछना चाहता हूँ कि जिस तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में मॉब लिचिंग हो रही है, देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है।...(व्यवधान)

सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिचिंग के विरुद्ध कानून बनाने के लिए बक़ायदा वर्ष 2018 में फैसला दिया है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ, लोक सभा के उप नेता यहाँ मौजूद हैं, …(व्यवधान) क्या सरकार सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के तहत मॉब लिचिंग के खिलाफ कोई कानून बनाने वाली है? तबरेज़ अंसारी की हत्या होती है, उसके खिलाफ……(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Cosme Francisco Sardinha -- Not present.

SHRI M. SELVARAJ (NAGAPATTINAM): Hon. Speaker, Sir, in Nagapattinam constituency, people are agitated over the long hours of train journey in the trains service from Thiruvarur to Karaikudi.

1213 बजे

(इस समय श्री हिबी इडन, श्रीमती डॉ. तामिझाची थंगापंडियन और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

To cover a distance of 140 kms., the train takes 6 to 8 hours. The delay is due to the 72 railway crossings, which have no gate-keepers. Before the train reaches the gate, the driver stops the train and the guard closes the gate. Once the train crosses the gate, the guard again opens the gate. This process is being done in all 72 gates. This unnecessarily waste the valuable time of the passengers. Patients who are going to hospitals, students, and office-goers are the worst affected. So, the people in my constituency are very angry.

(1215/PC/GM)

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखना चाह रहा हूं। …(व्यवधान) एक रोग है ड्यूकेनेन मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी, यह ऐसी बीमारी है, जिसमें लगभग दस साल तक बच्चा स्वस्थ रहता है। …(व्यवधान) उसके बाद उस बच्चे के अंग

सिकुड़ने लग जाते हैं। …(व्यवधान) 20 साल की उम्र में जाकर वह बच्चा पूरी तरह चारपाई पकड़ लेता है। …(व्यवधान) कोई भी रोगी 25 साल से ज़्यादा उम्र नहीं जी पाता है। …(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, भारत में इस बीमारी के इलाज के लिए एक संस्था है - इंडियन एसोसिएशन फॉर दि कल्टीवेशन ऑफ साइंस, जादवपुर। यह संस्था एक मात्र संस्था है, जो इस बीमारी पर काम कर रही है। …(व्यवधान) इस बीमारी पर अमेरिका में दो से तीन करोड़ यूएस डॉलर खर्च हो जाता है। …(व्यवधान) हमारी यह संस्था इस पर काम कर रही है। …(व्यवधान)

मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि इस प्रकार के रोगियों को बचाने के लिए भारत सरकार इस संस्था को उसके रिसर्च अनुसंधान के काम में मदद करे, ताकि इस प्रकार के रोगियों को लाभ मिल सके। …(व्यवधान) मैं आशा करूंगा कि भारत सरकार इस विषय पर ध्यान देगी। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. किरिट पी. सोलंकी एवं श्री नारणभाई काछड़िया को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर 14 रह गया था - श्री नित्यानन्द राय।

समिति के लिए निर्वाचन
राजभाषा संबंधी समिति

1216 बजे

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) : महोदय, श्री अमित शाह की ओर से, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उप-धारा 2 के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार, संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गयी प्रगति की समीक्षा करने हेतु राजभाषा समिति के सदस्य बनने के लिए अपने में से बीस सदस्य निर्वाचित करें तथा उक्त अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा 3 के अनुसरण में, इसके बारे में सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> "कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उप-धारा 2 के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य, एकल संक्रमणीय मत द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार, संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गयी प्रगति की समीक्षा करने हेतु राजभाषा समिति के सदस्य बनने के लिए अपने में से बीस सदस्य निर्वाचित करें तथा उक्त अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा 3 के अनुसरण में, इसके बारे में सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

विशेष उल्लेख - जारी।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप कागज़ सदन में नहीं लाएंगे। मैं आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, यह आपका राइट नहीं है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यदि आप सदन में कागज़ लाएंगे, तो मैं आपके खिलाफ एक्शन लूंगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Hon. Speaker, Sir, as per the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, a Member cannot repeat the same matter in any form. Under Rule 197 sub-section (iv), "In case the number of members giving notices on a subject that is admitted by the Speaker…", it cannot be repeated. Even according to *Kaul and Shakdher*, a matter which has already been discussed by the House during the same Session cannot be raised again through the Adjournment Motion or by any other motion. I want to clarify, Sir, that they have already raised the issue and the hon. Deputy Leader and hon. Raksha Mantri has responded to it. As far as the Government at the Centre is concerned, we do not have any role as far as the Karnataka issue is concerned. This is because of Rahul Gandhi's call that this is happening in Karnataka. There are so many important Bills and important issues before the

country which they can raise. I appeal to them not to disturb the House. This the first Session of the House. Let them allow the House to run.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे देश में बड़े पैमाने पर नकली एवं मिलावटी दूध बिक्री जैसे अति लोक महत्व के मुद्दे को उठाने के लिए इजाज़त प्रदान की, उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, दूध एक ऐसी दैनिक उपयोग की वस्तु है, जिसका हम सभी के स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। …(व्यवधान) हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में सेहत क्रांति लाने के लिए गोकुल मिशन के अंतर्गत देशवासियों को शुद्ध दूध उपलब्ध करा रही है। …(व्यवधान) सरकार बड़े पैमाने पर डेयरी उद्योग को भी बढ़ावा दे रही है, लेकिन नकली, मिलवटी दूध के कारोबार को रोकना भी इतना ही ज़रूरी है।

(1220/SPS/RK)

थोड़े दिन पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन संस्था द्वारा सरकार को भेजी गई एक एडवाइजरी में कहा गया कि यदि भारत में मिलावटी दूध और उसकी उत्पादकता को तत्काल नहीं रोका गया तो साल 2025 तक भारत की 87 फीसदी जनसंख्या कैंसर जैसे जानलेवा रोगों की गिरफ्त में आ जाएगी। मिलावटी दूध यूरिया और खतरनाक रसायनों से बनता है।…(व्यवधान) देश के बड़े-बड़े शहर और डेयरी उद्योग क्षेत्र से जुड़े लोग इस कारोबार में शामिल हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ऐसे बदमाशों के लिए सरकार कड़े से कड़े कानून का प्रावधान करे और फूड सेफ्टी एक्ट को सख्ती से लागू करने का आदेश जारी करे। धन्यवाद। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री नारणभाई काछड़िया और डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। आपने मुझे शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को रखने का अवसर दिया। मैं कैराना लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। हमारा शामली

जनपद केन्द्रीय विद्यालय से वंचित है। …(व्यवधान) सरकार की योजना है कि जनपद स्तर पर केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना हो। वहां के बच्चे आस-पास के जनपदों में पढ़ने जाते हैं, जो बच्चे केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक होते हैं। मेरी आपके माध्यम से सरकार से पुरजोर मांग है कि कैराना क्षेत्र के जनपद शामली में केन्द्रीय विद्यालय की जल्द से जल्द स्थापना हो। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रदीप कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

आप सभी अपनी-अपनी सीटों पर जाइए, मैं आपको व्यवस्था दे रहा हूं।

1222 बजे

(इस समय श्री गौरव गोगोई और कुछ अन्य माननीय सदस्य
अपने-अपने स्थानों पर वापस चले गए।)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण प्लीज सिट डाउन।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपको जवाब देने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। आप बैठ जाइए। माननीय सदस्यगण आपके द्वारा स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया गया था। मैंने स्थगन प्रस्ताव की व्यवस्था में आपका स्थगन प्रस्ताव अस्वीकृत किया। मैंने इस सदन में हर माननीय सदस्य को आउट ऑफ टर्न होने के बाद भी बोलने का मौका दिया है। जिस विषय पर आप बोल रहे हैं, मैं फिर आपसे बोल रहा हूं कि इस सदन की गरिमा को हमें विशिष्ट स्तर पर ले जाना चाहिए। यह सदन सब का है। यह सदन आप सब का सदन है। इस सदन को आप नारेबाजी और तख्तियों की ओर मत ले जाइए। मेरा आपसे व्यक्तिगत रूप से आग्रह है कि इस सदन के अंदर आप को जितना वाद-विवाद या संवाद करना कीजिए, मैं सत्ता पक्ष से भी कह रहा हूं कि जिन सवालों का जवाब देना

हो आप उनका जवाब दीजिए। अगर सब माननीय सदस्य सहमत हों तो इस सदन के अंदर तख्तियां और नारेबाजी को बंद करने की आवश्यकता है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य प्लीज बैठ जाइए। आप जितने विषय उठाना चाहेंगे, मैं हर विषय पर आपको आउट ऑफ टर्न भी अलाउ करूंगा। आप विषय उठाइए। लेकिन मेरा आग्रह है कि दुनिया इस सदन को देखती है और यह आप का सदन है। आपको अपने सदन की गरिमा बनाकर रखनी है। आप तख्तियां लाकर इस सदन को नगर निगम और नगर परिषद जैसा मत बनाइए। अधीर रंजन जी, आपको जितना बोलना है, बोलिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

(1225/KDS/RC)

माननीय अध्यक्ष : श्री दानिश अली जी, मैं आपको भी बोलने का मौका दूंगा। आप अभी मत बोलिए, बैठ जाइए।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, आपकी पीड़ा मैं समझता हूं, इसलिए पहले दिन से आज तक आपने देखा होगा कि हमारी पार्टी की तरफ से हम बराबर सहयोग करते रहे। सर, आज हाउस की प्रोडक्टिविटी बढ़ रही है। हमारे योगदान के बिना हाउस की प्रोडक्टिविटी नहीं बढ़ सकती।

माननीय अध्यक्ष : यह केवल आपसे ही नहीं बढ़ रही, यह सबका सदन है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैं केवल ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैं भी विपक्ष का एक हिस्सा हूं। हमारा मकसद बिल्कुल साफ है। सदन को चलाना, बहस करना, डॉयलॉग मारना, डिस्प्यूट करना हमारा काम है, डिसीजन लेना उनका काम है। हम मुद्दा उठाएंगे, लेकिन डिसीजन लेना उनका काम है। वे सरकार में हैं, पोजीशन में हैं और हम अपोजीशन में हैं। हम अपना फर्ज़ निभा रहे हैं, सरकार अपना फर्ज़ निभाए। यही हमारी उनसे उम्मीद है, इससे ज्यादा नहीं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं फिर से आग्रह कर रहा हूं कि बैठे-बैठे न बोलें और न खड़े होकर बोलें। जब मैंने माननीय अधीर रंजन जी को बोलने को कहा है, तो वे ही बोलेंगे। आप ऐसा मत कीजिए। अधीर रंजन जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारे इस सदन में एक बहुत ही कद्दावर एवं वरिष्ठ नेता, जिनकी मैं बड़ी सराहना करता हूं, श्री अरुण जेटली साहब कहा करते थे – 'disruption is also a legitimate weapon for democracy.' तो क्या करें सर? हम भी तो हमारे वरिष्ठ नेता से ही सीखे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप वाकिफ हैं कि कर्नाटक में क्या हालात हो रहे हैं। सिर्फ दो मुद्दे हैं। कर्नाटक ही नहीं, इस शिकार की राजनीति को बन्द करना चाहिए। यह पोचिंग पॉलिटिक्स बन्द करनी चाहिए। आज कर्नाटक, कल मध्य प्रदेश, इस तरह से एक के बाद एक अगर विधायकों को तोड़ा जाए, डिस्मेंटल किया जाए, पैसे का लालच दिया जाए, तो यह सही नहीं है। विधायक राजभवन से निकलते हैं, तो उनके लिए गाड़ी खड़ी है। एयरपोर्ट जाएंगे, हवाई जहाज खड़ा है। ठहरने के लिए आलीशान होटल तैयार है। इस सरकार की सत्तारूढ़ पार्टी के लोग कहते हैं कि हम अभी कर्नाटक ले रहे हैं, इसके बाद हम मध्य प्रदेश लेंगे। यह शिकार की राजनीति, पोचिंग पॉलिटिक्स हमारे लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है। इसे बन्द करना चाहिए, इसीलिए हम सदन में आए हैं। सत्तारूढ़ पार्टी की नीति और नीयत पर हिन्दुस्तान के आम लोगों को बिल्कुल भरोसा नहीं है। इसलिए मैं सरकार से दरख्वास्त कर रहा हूं कि किसी भी हालत में लोकतंत्र को बचाकर रखें। शिकार की राजनीति बन्द होनी चाहिए। Poaching politics should be stopped. …(*Interruptions*). We are walking out.

1228 hours

(At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury and some other hon. Members left the House.)

माननीय अध्यक्ष : सदन के उप नेता, रक्षा मंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह जी।

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, आपने अपनी सदाशयता का परिचय देते हुए जो विषय इसी सत्र में, हाउस में उठाया गया है और पुन: आपने उन्हें बोलने की इजाज़त दी है, लेकिन इसका उन्होंने दुरुपयोग किया है। …(व्यवधान)। यह सच है कि कर्नाटक में जो कुछ भी हुआ, यह कांग्रेस के अपने घर का मामला है, लेकिन अपने घर को ये संभाल नहीं पा रहे हैं, बल्कि पार्लियामेंट के इस लोअर हाउस को डिस्टर्ब करने की कोशिश कर रहे हैं। …(व्यवधान)। मैं समझता हूं कि इसे कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता। मैं यही कहना चाहता हूं। …(व्यवधान)

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक ज्वलंत विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। वर्ष 2014 में जब से माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बने हैं, तब से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। अब शिक्षक पढ़ाना भी चाहता है, बच्चे पढ़ना भी चाहते हैं और अभिभावक भी 'पढ़े इंडिया, बढ़े इंडिया' में अपना सहयोग कर रहे हैं। देश में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार होने के बावजूद अभी भी प्राइवेट सेक्टर के स्कूल और कालेजों में हर वर्ष बच्चों के अभिभावकों से बिल्डिंग शुल्क के नाम पर अवैध वसूली तथा 10 माह की शिक्षा के बदले 12 माह की फीस वसूली जाती है तथा सिलेबस में भी थोड़ा-बहुत परिवर्तन करके पुस्तकों के नाम पर हजारों रुपये का चूना बच्चों के अभिभावकों को लगाया जाता है। इससे अभिभावकों का अपने बच्चों को पढ़ाने में पसीना छूट जाता है। एसोचैम की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2005 से वर्ष 2018 के बीच प्राइवेट स्कूलों की फीस में 150 फीसदी का इज़ाफा हुआ है। स्कूलों में सालाना खर्च 55 हजार रुपये से बढ़ाकर लगभग डेढ़ लाख रुपये तक कर दिया गया है।

(1230/MM/SNB)

स्कूलों की ज्यादा फीस अभिभावकों के लिए मुसीबत बन गयी है। स्कूलों में नर्सरी और प्राइमरी में ज्यादा फीस वसूली जा रही है। कभी डोनेशन के नाम पर तो कभी बैग, कपड़े और जूतों के नाम पर मनमाने ढंग से धन की उगाही की जा रही है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि प्राइवेट सेक्टर में जो विद्यालय संचालित हैं, उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है,

जिससे अभिभावकों के अपने बच्चों को पढ़ाने में अतिरिक्त व्यय को बचाया जा सके, जिससे गरीब व्यक्ति भी अपने बच्चों को उच्चकोटि की शिक्षा दिला सके।

महोदय, मैं एक और अनुरोध करना चाहता हूं कि जिन विद्यालयों में अध्यापक हैं, उनमें ही उनके बच्चों को पढ़ाया जाए, जिससे हर आदमी के बच्चे अच्छे ढंग से पढ़ सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री मुकेश राजपूत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI E. T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity to raise an important matter pertaining to my constituency during *Zero Hour*.

I wish to draw the attention of the Government to a serious matter regarding the havoc played by sea erosion in the coastal belt of Kerala in the last few days, especially in my constituency. When I visited various areas of my Parliamentary constituency, namely, Ponnani, I witnessed heavy damages caused at different places due to sea erosion. Many people living in the coastal areas like Aliyar Palli, Marakkadavu, Murinjazhy, Puthuponnani, Azheekkal, Veliyumkod, Thannithura, Palpetty and Kappirikkad have evacuated their houses due to heavy damages caused in the area. Similarly, places in the coastal belt like Tanur and Parappanangadi is also under severe threat of erosion. The situation is no different in other coastal areas of the State as well.

Fishermen are not in a position to go for fishing and their life has become miserable. The State may be given financial support by the Government of India to meet the difficulties of the fishermen. The existing sea wall is not being maintained properly. New sea walls would have to be constructed and a

proposal in this regard is pending with the Government of India. That proposal may be considered at the earliest. The major complaint is that the very construction of the sea wall has not been done scientifically. The intervention of the Government in this regard is also very much necessary.

I would like to urge upon the Central Government to adopt new scientific and technological methods to control sea erosion. The sea wall has to be constructed on a war footing. The pending application of the State Government for construction of the sea wall has to be considered forthwith. I would like to appeal to the Government to take up this matter very seriously.

Thank you.

श्री बी. बी. पाटील (जहीराबाद): महोदय, तेलंगाना राज्य का आलमपुर शहर जोगूलम्बा गदवाल जिले में आता है। आलमपुर शहर अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित अधिकांश मंदिर बहुत पुराने हैं और अपने स्थापत्य के लिए विख्यात हैं। इनमें से ज्यादातर मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के तहत आते हैं। आलमपुर के सभी मंदिरों में जोगूलम्बा शक्ति पीठ, जोगूलम्बा देवी मंदिर और नवब्रह्मा मंदिर प्रमुख हैं। लोगों का मानना है कि देवी जोगूलम्बा उनके और उनके घर की सभी बुराइयों से रक्षा करती है। वास्तु दोष से मुक्त होने के लिए भी जोगूलम्बा देवी की पूजा की जाती है। जोगूलम्बा देवी मंदिर, जिसे जोगूलम्बा शक्ति पीठ के नाम से भी जाना जाता है, महाशक्ति के 18 पीठों में से पांचवां शक्ति पीठ है। तुंगभद्रा और कृष्णा नदी के संगम पर तुंगभद्रा नदी के तट पर यह मंदिर बना है। इस मंदिर को दक्षिण काशी के नाम से पहचाना जाता है। इस मंदिर का उल्लेख सकंद पुराण में भी किया गया है। ऐसे ऐतिहासिक मंदिर को प्रसाद स्कीम में शामिल करके, मंदिर के विकास के लिए राशि आवंटित की जाए। यही मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं।

श्रीमती संध्या राय (भिंड): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र भिंड में जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था तथा संसाधनों की कमी से मरीजों को हो रही परेशानी की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं।

महोदय, जिला अस्पताल में प्रतिदिन 1600 से ज्यादा मरीजों का आना-जाना होता है, परंतु डॉक्टर और नर्स की कमी के कारण और मशीनों तथा उपकरणों के खराब रखरखाव के कारण मरीजों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आज अस्पताल में 300 बेड हैं, जबकि भाजपा सरकार में 400 बेड स्वीकृत हुए थे, परंतु आज तक मध्य प्रदेश की मौजूदा सरकार फण्ड स्वीकृत नहीं कर पायी है। अस्पताल में 39 डॉक्टर्स के पद स्वीकृत थे, जबकि अभी वर्तमान में 14 डॉक्टर्स हैं और 25 डॉक्टर्स का अभाव है। नर्स 168 स्वीकृत थीं, जबकि वर्तमान में 108 कार्यरत हैं और 60 नर्सों की कमी है।

(1235/SJN/RU)

अत्याधुनिक मशीनों तथा उपकरणों का अभाव है, जैसे कि सिटी स्कैन, एमआरआई आदि। अतः मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहती हूं कि मरीजों को हो रही असुविधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए, जिससे भिंड तथा आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती संध्या राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान 30 प्रतिशत वनों की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। एक समय था, जब घने जंगल थे, लेकिन वनों की अंधाधुंध कटाई के चलते आज जंगल पेड़ विहीन हो चुके हैं। बड़ी मात्रा में सिर बोझा लकड़ी सूखी लकड़ी के नाम पर काटकर बाजारों में बेची जा रही है। वैसे तो प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उज्ज्वला गैस योजना के तहत 7 करोड़ परिवारों को एलपीजी गैस का मुफ्त कनेक्शन दिया है। लेकिन इसके बावजूद भी सिर बोझा लकड़ी की कटाई नहीं रोकी जा रही है। मैं

जिस क्षेत्र से आता हूं वह मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर है। वहां पर कभी बहुत घने जंगल होते थे। उनमें से मझगवां, चितहरा, बांसा पहाड़, वारामाफी, मानिकपुर, मारकुण्डी, परसमनिया, नरोहिल में आज पूरी तरह से सिर्फ पलाश और गुलमेंहदी के पेड़ बचे हुए हैं।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करूंगा कि जो सिर बोझा लकड़ी काटने वाले लोग हैं, उनको चिह्नित किया जाए और उनको मनरेगा के माध्यम से वहां पर नया रोजगार देकर जंगलों में पेड़ लगाने का काम शुरू किया जाए। उनको चिह्नित करके वनोपज का पूरा लाभ उठाया जाए। जब तक सिर बोझा लकड़ी काटने की अनुमति रहेगी, तो जंगल इसी तरह से कटते रहेंगे। वर्तमान समय में माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो पेड़ लगाने का कार्यक्रम चलाया है, उसके चलते उनको मनरेगा के साथ हर एक जंगल में फिर से वृक्षारोपण का काम दिया। मैं यही निवेदन करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री आर. के. सिंह पटेल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नांदेड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 61 का मरम्मत कार्य दो वर्षों से काफी धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण बारसगांव से राहटी मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है तथा जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मेरी सरकार सरकार से मांग है कि इस सड़क मार्ग के पुनर्निमार्ण का कार्य तीव्र गति से पूरा कराया जाए।

डॉ. के. सी. पटेल (वलसाड) : माननीय स्पीकर महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र वलसाड है। मेरे वलसाड और नवसारी जिले में आम की बहुत अच्छी फसल होती है। देश का 20 प्रतिशत आम हमारे गुजरात के वलसाड और नवसारी जिले में होता है। दो साल से मौसम की वजह से आम की फसल में बहुत नुकसान हो रहा है। हमारे जो फार्मर्स हैं, उनका पेस्टीसाइड और खाद का पैसा भी नहीं निकलता है।

श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने वर्ष 2015-16 में मेरे वलसाड जिले में बारह करोड़ रुपये नुकसान के लिए दिए थे और वह पैसे उनके खातों में जमा हुए थे।

अतः मेरी सरकार से अर्ज एवं नम्र प्रार्थना है कि इस साल भी सर्वे करके नवसारी और वलसाड जिले में जो आम की फसल में नुकसान हुआ है, उसमें उनकी हेल्प की जाए। मेरी एक और रिक्वेस्ट है कि हमारे जो आम के पार्क हैं, उनका प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में समावेश किया जाए।

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से बैंकों में लगातार बढ़ रहे काम और कर्मचारियों की घटती हुई संख्या के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पूरे देश में जिस तरह से डिजिटलाइजेशन तेजी से बढ़ा है, उसके हिसाब से बैंकों पर लगातार बोझ बढ़ रहा है - खासकर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जिसके पास देश के सभी कामों का 70 फीसदी काम है। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि हर काम, गरीब की पेंशन से लेकर जो भी ट्रांजेक्शन हो रहा है, वह सब कुछ डिजिटल इंडिया के कारण बैंकों के माध्यम से होता है।

(1240/GG/NKL)

मैं अपने संसदीय क्षेत्र के होशंगाबाद, नरसिंहपुर और राइसिन जिले के अन्दर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ, सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि वहां पर सारे बैंकों में कर्मचारी लगातार कम हो रहे हैं। एटीएमस में बराबर पैसा जमा नहीं हो रहा है। लोग लाइनों में लगे रहते हैं। जब तक उनका नंबर आता है, तब तक या तो सर्वर डाउन हो जाता है या फिर बैंक का समय खत्म हो जाता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि बैंकों में बढ़े हुए कामों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की जाए, जिससे आम आदमी को बैंक का लाभ मिले और सरकार की जो मंशा है, उसको भी हम पूरा कर सकें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा): अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन है कि जनपद लखीमपुर-खीरी, जहां की तीन विधान सभाएं, मेरे धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं, वहां पर शारदा नदी बहती है। हर वर्ष इस नदी में तेज़ बहाव के कारण कटान होता है, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट जाता है और हजारों एकड़ फसल नष्ट हो जाती है। इसी तरह से मेरे लोक सभा क्षेत्र में गोमती नदी भी हो कर निकलती है, जो कि सूख गई है। यदि शारदा नदी से गोमती नदी को जोड़ दिया जाता है तो लखीमपुर के उत्तरी क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से निजात दिलाई जा सकती है। साथ ही गोमती नदी में पानी आने से सूखे से भी राहत मिल जाएगी और आचमन के लिए जल भी उपलब्ध हो जाएगा। गोमती नदी के किनारों के तीर्थ स्थलों का महत्व बढ़ जाएगा। मैं यह भी बताना चाहूंगी कि गोमती नदी के उद्गम स्थल, गोमत ताल से शारदा नदी को जोड़ने के लिए केवल 15 किलोमीटर की खुदाई करनी पड़ेगी। मैं इतना ही अनुरोध करना चाहती हूँ। धन्यवाद

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI): Sir, I would like to tell you about a serious issue that our farmers are facing in Kerala.

As per the answer given on the floor, last week, to our hon. Member, Shri Anto Antony, more than 100 people were killed by animal attacks in Kerala. In my constituency, more than 30 people were killed.

Sir, in my constituency, there is more than 300 kilometres of forest boundary and more than 30,000 hectares of farmers' land which is now uncultivable due to frequent elephant attacks. There are so many preventive measures already taken by the Government, like the Project Tiger and the Project Elephant. It also provided funds for the restoration of natural water

bodies and food sources within the forest area to minimise the human-animal conflicts.

Sir, I have five suggestions to prevent the animal attacks. Firstly, the large conversion of forest land by the forest department for commercial purpose, including the plantations like eucalyptus, teak etc. should be stopped. It is inducing the animals to go outside the forests.

Secondly, we should erect a strong rail fencing. In my opinion, rail fencing is better. The solar fencing which is being used is totally ineffective.

Thirdly, we should give a proper compensation. That means, an effective compensation should be given to the victims.

Sir, I have another valid suggestion. The carrying capacity of forests must be scientifically assessed and steps must be taken to control the number of wild animals. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : श्री कास्मे फ्रांसिस्को कोईटानो सर्दिन्हा।

माननीय सदस्य, मैंने आपको बोलने का मौका दिया है।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री कास्मे फ्रांसिस्को कोईटानो सर्दिन्हा (दक्षिण गोवा): सर, थैंक्यू, मुझे पहली बार बोलने का मौका दिया गया है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पहली बार नहीं, आप वॉक-आउट कर गए, तब भी मैंने मौका दिया है।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI COSME FRANCISCO CAITANO SARDINHA (SOUTH GOA): Thank you, hon. Speaker Sir, for giving me this opportunity.

Hence, I request the Union Government to kindly provide the fund to the farmers immediately.

(ends)

Re : Need to put in place safety measures for Kollam bypass in Kerala

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): The Kollam bypass was commissioned on 15th January 2019. Required safety measures were not provided in the bypass. The bypass has become an accident prone area, 54 Accidents were reported within 5 months, 7 persons died and more than 100 including pedestrians sustained injury. 57 by-roads are connected to the 13 kilometer bypass. The development of bypass with service road and development of junction are necessary for avoiding accidents. If the safety measure are not provided the entire bypass will become a black spot. Land is available for development of bypass. Speed control is also required.

Hence, I urge upon the Government to initiate urgent action for providing safety measures in Kollam bypass and impose speed restriction as immediate solution and develop the Kollam bypass into four lane road with service road.

(ends)

Re: Need to establish a Tourism University in Parasnath Hills in Giridih parliamentary constituency and promote tourism in the region

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह): झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पहाडी माँ भारती की गोद में मौजूद हमारे देश की वह धरोहर है जो आज के भारत को प्राचीन सभ्यता से जोड़ती है। इस अनमोल धराहर को वतमान सह भविष्य के भारत हेतु कुछ इस अंदाज में पिरोएं कि हमारे जैन साथी से लेकर झारखंड और पूरे भारत में परचम विश्व पटल पर लहरा दे। इसका एक ही रास्ता है हम इसे पर्यटन स्थल के रूप में सूचित करे ।। निवेदन है कि झारखंड की पारसनाथ पहाडी में पर्यटन विश्व विद्यालय की स्थापना की जाय एवं पर्यटन उद्योग स्थापित किया जाय।

(इति)

सामान्य बजट - सामान्य चर्चा - जारी

1403 बजे

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): अध्यक्ष जी, नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में दूसरी बार बनने वाली सरकार ने स्वदेशी की तरह स्वदेशी का बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट को प्रस्तुत करने के लिए मैं प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी को सलाम करता हूं।

अध्यक्ष जी, राजनैतिक क्षेत्र में जो भरोसे का संकट पैदा हुआ है, पहली बार इस बजट ने देश को यह एहसास कराया है कि राजनैतिक क्षेत्र में भरोसे का संकट समाप्त करने के लिए नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार काम कर रही है। वर्ष 2014 में जब पहली बार सरकार बनी थी, तो प्रधान मंत्री जी ने संसद भवन के सामने माथा टेक कर इस बात का संकल्प किया था कि यह सरकार गांव, गरीब, किसान तथा सेना के जवान के लिए समर्पित सरकार होगी। पांच साल चलने वाली सरकार ने गांव में रहने वाले गरीबों के मन में भरोसा पैदा किया। गरीब एक शौचालय के लिए तरसता था। आज गरीब के घर के सामने एक शौचालय दिखता है, तो उसे लगता है कि कोई सरकार हमारी चिंता करती है और हमारे घर के सामने एक शौचालय भी बनाती है।

आजादी की लड़ाई के दिनों में मोहनदास करमचंद गांधी जी के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी। जब आजादी मिलने वाली थी, तब गांधी जी ने आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले लोगों के सामने कहा कि आजाद देश, स्वच्छ देश और स्वस्थ देश ही स्वतंत्र देश होता है।

(1405/NK/SAN)

उसके लिए नरेन्द्र भाई मोदी जी ने काम किया। मैं गुजरात की धरती को नमन करता हूं। संसदीय राजनीति के बाहर मोहन दास करमचंद गांधी जी को पैदा किया, उतना बड़ा नेता अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ है। लेकिन संसदीय राजनीति के भीतर उसी गुजरात का सपूत नरेन्द्र भाई मोदी पैदा हुए, संसदीय राजनीति में उतना बड़ा नेता कोई पैदा नहीं हुआ है, मैं इंदिरा गांधी को भी कहता

हूं। सरदार पटेल को इन लोगों ने वहां पहुंचने नहीं दिया। आप हमें डिस्टरब मत कीजिए। …(व्यवधान) अभी शुरू किया है और अभी से ही कलह शुरू कर दी। …(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने बोलूंगा। इन लोगों से भी कह दीजिए कि मेरे सामने करके न बोलें। गरीब के मन में भरोसा पैदा हुआ है। राजनीति में भरोसे का संकट कहां से पैदा हुआ? देश की संसदीय राजनीति में भरोसे का संकट इसलिए पैदा हुआ था क्योंकि ये कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं और दिखता कुछ है। हिन्दुस्तान के किसानों के मन में पहली बार मन में भरोसा पैदा हुआ है। कोई सरकार है जो कहती है, वह करती है और जो दिखता है, उसका परिणाम वर्ष 2019 में आया। हम इस बात को कह सकते हैं। संसदीय राजनीति में विरोध करना लोकतंत्र को मजबूत करने का सबसे बड़ा आधार है, अपोज करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। लेकिन दुख इस बात का है कि अपोज करने की भी ताकत खत्म हो गई है। हमको लगता है कि हम लोगों को ही पैदा करना पड़ेगा।

अध्यक्ष जी, किसानों के मन में भरोसा पैदा हुआ है। नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में संसद ने किसानों के उत्पादन का लाभकारी मूल्य देने के लिए कानून बनाया है। पहली बार किसी सरकार ने हिन्दुस्तान के किसानों के खाते में छह हजार रुपये देने का फैसला किया है। कुछ लोग कहते हैं कि यह कम है, जिन लोगों ने कभी छह पैसे किसानों को नहीं दिए, वही लोग कहते हैं कम है। उसका विश्लेषण जानना चाहिए, खतौनी में एक बीघा खेत, एक कट्ठा, एक बिसवा, अगर दस भाई का नाम है तो दसों भाई को छह-छह हजार मिलेगा। अधीर जी, इस बात को आपको जानना चाहिए कि उसका विश्लेषण क्या है? विश्लेषण यह है कि अगर भूमिहीन किसान ने अपने परिश्रम के पसीने से एक बिसवा भी खेत खरीदा है और उसके छह भाई हैं तो उसको सलाना छत्तीस हजार रुपये मिलेंगे, इस बात का विश्लेषण करना चाहिए। आप पन्द्रह रुपये रोज मजदूरी जोड़ते हैं, मैं किसान हूं और इस बात को जानता हूं। यह पहली सरकार है जिसने हिन्दुस्तान के किसानों को गोबर खाद पर सब्सिडी देने का ऐलान किया है। मैं सदन के सभी भाइयों से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अपने संसदीय क्षेत्र में गोबर की खाद पर सब्सिडी देने का प्रावधान सरकार ने लागू किया है, अपने संसदीय क्षेत्र में उसे लाभकारी बनाएं। किसान के सवाल पर मतभेद मत पैदा करो। यह देश किसानों का है। यह देश कृषि प्रधान देश

है। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने कहा था कि मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म दूसरों की भलाई और सहयोग होना चाहिए, जो संपन्न राष्ट्र का निर्माण करता है। किसान अपना खाता ही नहीं खिलाता भी है। जब यूरोप के देशों में आंदोलन चल रहा था, कमाने वाले खाएंगे और लूटने वाले जाएंगे, भारत में आंदोलन चल रहा था कि हम खाते ही नहीं खिलाते भी हैं, लूटने वाले जरूर जाने चाहिए।

अध्यक्ष जी, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, मैं पहले तीन बार भदोही से सांसद था, अब बलिया से सांसद हूं, पार्टी ने आदेश दिया। माननीय मुलायम सिंह जी उपस्थित हैं। बलिया को ठीक से जानते हैं। यह पूर्व प्रधान मंत्री चन्द्र शेखर जी का क्षेत्र था, इस बार वहीं से सांसद बना हूं। मेरी जन्म भूमि भी वहीं है। लोक नायक जय प्रकाश नारायण और मेरा गांव अगल-बगल है। बलिया ऐतिहासिक भूमि है। देश 1947 में आजाद हुआ था लेकिन मेरा बलिया 1942 में आजाद हुआ था। वहां के गांव में रहने वाले किसान, गांव में रहने वाले कामगार ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए 1942 में बलिदान दिए थे।

(1410/SK/RBN)

1410 बजे (श्री ए. राजा पीठासीन हुए।)

आज भी जितनी जागरूकता है, राजनैतिक जागरूकता है, इस बात को आप देख सकते हैं, हमारा और जय प्रकाश नारायण जी का गांव एक ही है। मुलायम सिंह जी गए हैं। संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री भी वहां गए हैं, बहुत से लोग गए हैं। चन्द्रशेखर जी ने पदयात्रा के दौरान सपना देखा था, पीने के पानी का सवाल देखा था, उन्होंने कहा था कि लगता है कि इस देश में पानी के सवाल पर युद्ध होगा। इस कठिनाई को सबसे पहले अगर किसी ने समझा है तो इस देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी ने समझा है। सबसे पहले भारत सरकार में जल संरक्षण का काम प्राथमिकता के आधार पर शुरू हुआ। मैं पिछली तीन बार से भदोही से सांसद था। 67 किलोमीटर की मोरवा नदी सूख गई थी, मैंने तलहटी से लगकर, अपना और अधिकारियों के श्रमदान से पानी प्रवाह करवाया। आज भी वहां पांच फीट पानी देखने को मिलता है। मैंने वहां तालाब खुदवाए। पानी में प्रदूषण है, आर्सेनिक है, अगर सब सांसद अपने क्षेत्रों में तालाब खुदवा देंगे, प्राकृतिक जल प्रवाह

को जीवंत कर देंगे तो किसी पानी में कोई प्रदूषण नहीं रहेगा। अगर तलहटी खुदवाएंगे, बालू तक जाएंगे तो पानी स्वाभाविक तौर पर ऊपर आ जाता है, मैंने इसे प्रयोग में देखा है।

सभापति जी, बलिया में मैंने काम शुरू किया है। सूरह ताल दुनिया का प्रसिद्ध ताल है, मैं शनिवार को इसकी खुदाई शुरू करवाने वाला हूं। एक ऐसा कटहल नाला है जो छ: महीने उत्तर की तरफ चलता है और छ: महीने दक्षिण की तरफ चलता है, मैं इसकी खुदाई करवाऊंगा। दोआबा में भागड़ नाला है। घाघरा, गंगा और तमसा के बीच में बसने वाला बलिया है। बलिया वर्ष 1942 के आंदोलन में पहले आजाद हो गया, गांधी जी का वहां कम आना-जाना था। सुभाष चन्द्र बोस जी का वहां आना-जाना ज्यादा था। जय प्रकाश नारायण जी के सुभाष चन्द्र बोस जी के पारिवारिक संबंध थे, कुछ दूर की रिश्तेदारियां थीं। वर्ष 1941-42 में जब सुभाष चन्द्र बोस अंग्रेजों द्वारा नजरबंद कर दिए गए थे तो बलिया में आकर चुपके से जय प्रकाश नारायण जी के यहां रहते थे। किसानों के बीच में जाकर काम करते थे। उसी का परिणाम हुआ कि 1942 में देश को आजाद करने का रास्ता बलिया ने दिखा दिया था। बलिया विद्रोह की धरती है। यहां के ऋषियों-मुनियों में भी विद्रोह की ताकत है। भृगु बाबा की धरती है। भृगु बाबा ने क्रोध में विष्णु भगवान की छाती पर लात मारी थी। उसी विद्रोह की प्रेरणा आज भी बलिया के लोगों को मिलती रहती है। वहीं सुभाष चन्द्र बोस ने पहली बार टाउन हाल मैदान की मीटिंग में कहा था – 'तुम मुझे खुन दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष के नाते उन्होंने यह कहा था। विधाता का क्या विधान है, दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष अमित भाई ने भी उसी बलिया की धरती पर कहा – 'तुम मुझे समर्थन दो, मैं तुम्हें सुशासन दूंगा।' उसी सुशासन का प्रमाण-पत्र यह बजट है। उसी सुशासन का दस्तावेज यह बजट है। गांव, गरीब, किसान के समर्थन का यह बजट है।

सभापति महोदय, इसी संसद में राम मनोहर लोहिया जी भी थे। वह कम वोट से जीतकर आए थे। यहां मुलायम जी उपस्थित हैं, चुनाव का संचालन कर रहे थे। वह कम वोट से जीत कर आए थे, जो लोग अब वहां बैठते हैं, यहां बैठते थे। जब लोहिया जी शपथ लेने लगे तो ये लोग उन पर ताना मारते थे। ये लोग यहां बैठते थे तो लोहिया जी पर ताना मारा कि कितने वोट से जीते हैं? तब लोहिया

जी ने कहा कि तुम लोग जितने हो उसके दुगुने वोट से जीते हैं। 336 या 340 संख्या थी और वह 1200 वोट से जीते थे। तब इंदिरा गांधी जी वहां बैठती थीं, इसी संसद में राम मनोहर लोहिया जी ने कहा था – इंदिरा गांधी, तुम यदि हिंदुस्तान की महिलाओं को धुँआ रहित चूल्हा दे दो, तुम यदि हिंदुस्तान की महिलाओं के लिए बापर्दा पाखाना दे दो तो 25 साल तक तुम्हें कोई प्रधान मंत्री पद से हटा नहीं सकता है।

(1415/MK/SM)

लोहिया जी ने कहा था, संसद की कार्यवाही उठाकर देख लीजिए। मुलायम सिंह जी इस बात को जानते होंगे। इस काम को किसने किया? इस काम को किसी प्रधान मंत्री ने नहीं किया, किसी ने महिलाओं को धुआं रहित चूल्हा नहीं दिया, किसी ने पर्दे वाला पाखाना नहीं दिया। बहुत अरसे के बाद किसी प्रधान मंत्री ने देश की माताओं और बहनों के लिए धुआं रहित चूल्हा और पर्दे वाला पाखाना दिया, उस व्यक्ति का नाम है नरेन्द्र भाई मोदी। इसलिए मैं कहता हूं, मुलायम सिंह जी सही मानते हैं राम मनोहर लोहिया की बात को, आप लोग भी मानते हैं, यदि राम मनोहर लोहिया की बात सही है तो नरेन्द्र भाई मोदी को 25 साल तक प्रधान मंत्री रहना चाहिए। इसलिए मैं मुलायम सिंह जी को राम मनोहर लोहिया का असली वारिस मानता हूं क्योंकि जब पिछली लोक सभा का सत्रावसान हो रहा था तो समापन भाषण में हमारे मित्र मुलायम सिंह जी, चूंकि ये कुश्ती के खिलाड़ी हैं, इसलिए इनसे मेरा दिली प्रेम है, इन्होंने वहीं खड़े होकर कहा था कि नरेन्द्र भाई मोदी ने लोहिया के सपनों को साकार किया है, इसलिए मैं चाहता हूं कि नरेन्द्र भाई मोदी पुन: प्रधान मंत्री बनें। इसलिए मैं आपको सलाम करता हूं, इसीलिए मैं मानता हूं कि आप ही लोहिया के असली वारिस हैं। लेकिन, आज लोहिया के विचार पर चलने वाले लोग भटक गए।

सभापति महोदय, शायद आप नहीं जानते होंगे कि बिहार में हाथी का मेला लगता है। लेकिन, मुलायम सिंह जी के अनुयायियों ने ऐसा किया कि हाथी का एक मेला लखनऊ में भी लगने लगा। यहां एक महानुभाव थे, शायद चले गये, बहुत बोलते हैं। लखनऊ से हाथी खरीदकर जब चलते हैं तो जौनपुर आते-आते फोन आता है कि तुम हाथी के मालिक नहीं रहे, फिर वे लौट जाते हैं। आपके

संघर्ष के प्रभाव से सोनपुर का मेला फिर से इस बार लखनऊ में लगने लगा, लेकिन गरीबों के परिश्रम के पसीने की ताकत ने उस हाथी के मेले को फिर से उजाड़ दिया है और भविष्य में भी उजड़ ही जाएगा।

सभापति महोदय, जब किसानों के खाते में पैसे जाते हैं, जब किसानों को उत्पादन के लाभकारी मूल्य मिलते हैं, जब प्रधान मंत्री सड़क योजना के द्वारा गांव को खेत से जोड़ते हैं, पावर फार ऑल, जब हर गांव में बिजली लगाने की बात आती है और जब पांच लाख रुपये गरीबों को इलाज कराने के लिए मिलते हैं, मैं अभी अपने क्षेत्र में गया था, मैंने दो हजार लोगों को कार्ड बांटे, एक बुढ़ी औरत कार्ड लेकर जा रही थी तो लग रहा था कि उसको पांच लाख का ड्राफ्ट मिल गया है, वह कह रही थी कि यह वही जान सकता है, जो गरीब मां का बेटा है। मेरी आंखें भर आईं और मैंने कहा कि धन्य हो नरेन्द्र भाई मोदी ! तुमने गरीबों की आह को समझा है, गरीबों की गरीबी को समझा है। लोग दवा के अभाव दम तोड़ देते थे। आप लोगों को इस बात की प्रशंसा विपक्ष में रहते हुए भी करनी चाहिए कि पहली बार किसी गरीब को लगा है कि कोई सरकार हमारी गरीबी की आह को भी सुनने वाली है, समझने वाली है। यह पहली बार लगा है।

हिन्दुस्तान में जल संरक्षण का काम चल रहा है।

(1420/YSH/AK)

कहां से पैसा आता है? यहां शशि थरूर जी किसान की बात कर रहे थे। सभापति महोदय, शशि थरूर जी जब किसान की बात कर रहे थे तो मैं यहीं बैठा था। बिहार में भिखारी ठाकुर लोकगीत गाना गाने वाले व्यक्ति थे। वे विदेशियों का गीत गाते थे। जब शशि थरूर किसान की बात कर रहे थे तो मुझे लगा एक अंग्रेजी फिल्म में भूमिका करने वाली कोई हिरोइन भिखारी ठाकुर के विदेशिया गीत गा रही है...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Hon. Members, please sit down.

... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, you please address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): वे जिस लोक सभा में हैं क्या उसमें किसान नहीं हैं? क्या वहां उन्हें किसानों ने नहीं चुना है? …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: No more interruptions please.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): हम आपको कहां मना कर रहे है कि हमारा जैसा शरीर आप मत बनाइए। यह हमें प्रकृति ने दिया है तो क्या करें? आपको दे दें? यह देने वाली चीज तो है नहीं। वे ऐसा कह रहे हैं तो हम क्या करें? भगवान ने हमें ऐसा शरीर दिया है तो क्या करे? मुलायम सिंह जी से पूछ लीजिए। यह शरीर बड़ी तपस्या से बना है, ऐसे ही नहीं बना है। आप पगड़ी बांध कर आए हैं। आप बहुत अच्छे लगते हैं। मैं पगड़ी बांधने वालों का सम्मान करता हूं, लेकिन यह मत समझना कि पगड़ी बांधने वालो से मैं डरता हूं। किसान डरता नहीं है।…(व्यवधान) अब आप बोलने दीजिए।

यह भविष्य में भारत की समृद्धि बढ़ाने वाला बजट है। वर्तमान की चुनौतियों का समाधान करने वाला बजट है। भविष्य में जो चुनौतियां आएंगी उसका समाधान करेगा। अतीत में जो गलतियां हुई हैं, उसको सुधारने का संकेत इस बजट ने दिया है।

सभापति जी, मैं इस बात को कह सकता हूं कि हिन्दुस्तान में गांव, गरीब, किसान और सेना के जवान के लिए समर्पित इस सरकार ने देश में एक भरोसा पैदा किया है। मैं इस बात को कह सकता हूं कि जयप्रकाश नारायण के गांव सिताब दियरा में भारत सरकार ने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में और अमित शाह जी के मार्गदर्शन में जो स्मारक बनाया है, उस संचालन मंडल के सदस्य माननीय मुलायम सिंह जी भी हैं। उस स्मारक को जाकर देखने के लिए मैं सभी को आमंत्रित करता हूं। वहां का मैं चेयरमैन भी हूं। वहां लोकनायक जयप्रकाश नारायण की एक अद्भूत तरह की पंचायत की जो अवधारणा थी, उस अवधारणा के आधार पर एक पंचायत विमर्श केन्द्र बन रहा है। किसानों की समृद्धि के लिए हम

क्या कर सकते हैं, उसके लिए एक विमर्श केन्द्र बन रहा है। यह प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में उनके गांव में बनने वाला राष्ट्रीय स्मारक है। इसलिए मैं कह सकता हूं कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने जिस भारत का सपना देखा था, पूर्व प्रधान मंत्री चन्द्रशेखर जी ने जो सपना देखा था। माननीय दत्तोपंत थेंगडी जी ने जो सपना देखा था, इस बजट में वह सपना साकार हो रहा है और यह बजट ऐसे भारत के बनने का संकेत कर रहा है। इस बजट से किसानों के मन में भरोसा पैदा हुआ है। किसानों की आमदनी वर्ष 2022 तक जरूर दोगुनी हो जाएगी। एक किसान होने के नाते मैं कह सकता हूं कि किसानों की जेब में जब पैसे नहीं रहेंगे, खरीदने की ताकत नहीं होगी तो दिल्ली, मुम्बई और चेन्नई के बाजारों में रौनक नहीं होगी। इसीलिए इस सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है, उस बजट के प्रस्तुतीकरण में यह बात साफ-साफ है। यहां वित्त राज्य मंत्री जी को मैं बधाई देना चाहता हूं। परिश्रम के पसीने को सूखने से पहले उनके परिश्रम का पारिश्रमिक मिल जाएगा ऐसा उपाय आपने बजट में किया है। परिश्रम के पसीने की कीमत का कोई मूल्यांकन नहीं कर सकता है। …(व्यवधान)

(1425/RPS/SPR)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Please conclude now.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): आप यहां रहते हैं तो कुछ दूसरा करते हैं और वहां रहते हैं तो कुछ दूसरा करते हैं।

HON. CHAIRPERSON: Your Party has given a long list of hon. Members to speak. A lot of other hon. Members have to speak further.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): इसलिए अपनी बात को पूरा करते हुए, मैं आपसे कह सकता हूं:

> "खेतों को संवारा तो संवरते खुद भी, फसलों को उभारा तो उभरते हुए खुद भी,
> फितरत को निखारा तो निखरते हुए खुद भी, नित्य अपने बनाए हुए सांचों में ढलेंगे,
> हम जिन्दा थे, हम जिन्दा हैं, हम जिन्दा रहेंगे।"

इसीलिए मैं यह कहता हूं और उसे भारत सरकार के प्रधान मंत्री ने और वित्त मंत्रालय ने पहचाना है कि जो शान से जीता है, वही किसान होता है। इसलिए किसान, जवान, पहलवान – ये सब एक ही जाति के होते हैं और आने वाला भारत, जिस तरीके से भारत की सरकार नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व

में चल रही है, पहली बार यह लग रहा है कि हिन्दुस्तान के साढ़े छ: लाख गांवों में रहने वाले भारत के गांवों की चिन्ता यह सरकार कर रही है, गरीब की चिन्ता कर रही है, किसान की चिन्ता कर रही है। आपने देखा कि 2019 के चुनाव में खेत, खलिहान में रहने वाले किसानों ने लाठी लेकर लोगों को कहा कि चलो, मतदान करो। यह हमारा है, हमारे बीच रहने वाला है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): मैं कन्क्लूड करता हूं।

मैं आपके माध्यम से विपक्ष के लोगों से यही कहना चाहूंगा कि आप विरोध करें, to oppose is democracy. इस अपोज़ से ही डेमोक्रेसी को ताकत मिलती है, लेकिन कम से कम किसान के सवाल पर, हिन्दुस्तान के गांव के सवाल पर एकमत रहो। मेरी समझ से यदि ये एकमत रहे तो किसान, गांव के गरीब लोगों को समृद्धि के मुकाम तक पहुंचाने में बहुत बड़ी सहायता मिल सकती है। शासन ही सब कुछ करेगा, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। समाज को भी खड़ा करना पड़ेगा। …(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात पूरी करूंगा।

भारतीय लोकतंत्र में मैंने जो समझा है, शासन, प्रशासन और समाज मिलकर देश को समृद्धि तक पहुंचा सकते हैं। यही बात कहते हुए मैं अपनी बात पूरी करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

1428 hours

SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM): Thank you, Mr. Chairperson, Sir, for giving me this opportunity to speak on the Budget for 2019-2020, on behalf of our Party, TRS. I am also congratulating Shrimati Nirmala Sitharaman *ji* for being the first South Indian woman to present the Union Budget in this august House. निर्मला सीतारमण जी, तमिलनाडु की बेटी हैं और तेलंगाना की बहू हैं। …(व्यवधान) आन्ध्रा प्रदेश की, तेलुगु की बहू हैं। …(व्यवधान) हम लोगों ने यह सोचा था कि अगर इस हाउस में कोई मिनिस्टर है तो वह उन स्टेट्स के लिए ध्यान रखेगा, मगर सदर्न स्टेट्स की डेवपलमेंट के लिए, जिस तरह से सोचा था, उस तरह से इस बजट में प्रॉविजन्स नहीं रख पाए हैं। साथ ही, अगर उनकी स्पीच में देखें तो पहले गवर्नमेंट के विज़न को 10 प्वाइंट्स में बताया गया है। मेरे पास टाइम कम है, इसलिए उन प्वाइंट्स को मैं नहीं पढ़ पा रहा हूं।

(1430/RAJ/UB)

उन्होंने विजन ऑफ द डिकेड में 10 पॉइंट्स को रेज किया है। वे देश की इकोनॉमी को फाइव ट्रिलियन डॉलर तक ले जाना चाहते हैं। India has a federal structure with distribution of powers between the Central Government and the State Governments. You take a look at how the powers are placed between the Central Government and the State Governments for the benefit of the federal system. यह बहुत महत्वपूर्ण है। देश को आगे बढ़ाने के लिए स्टेट गवर्नमेंट्स को किसी तरह से साथ में लेना चाहिए। जयंत सिंहा जी आज यहां नहीं हैं। कल जयंत सिन्हा जी ने बजट के मुख्य दो-तीन इश्यूज पर फोकस किया था। उन्होंने सबसे ज्यादा फोकस 'जल शक्ति मंत्रालय' पर किया। यह नया मंत्रालय बना है। हम उसमें एक वर्ड कोट करना चाहते हैं। "This new *Mantralaya* will look at the management of our water resources and water supply in an integrated and holistic manner, and will work with the States to ensure '*Har Ghar Jal*'." उन्होंने इस ऑगस्ट हाउस में बताया है कि हर

घर जल पहुंचाने के लिए स्टेट के साथ काम करेंगे। 'हर घर जल' बहुत महत्वपूर्ण इश्यू है, हम तेलुगू में इसे 'इन्टिन्टिकी नील्लु' बोलते हैं। भारत में पहली बार हर घर जल तेलंगाना स्टेट ने दिया है। उसके उद्घाटन के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी वहां गए थे। दिनांक 7 अगस्त, 2016 की प्रधान मंत्री जी की स्पीच 36 मिनट्स की है। प्रधान मंत्री जी के उस स्पीच को हर पार्टी वालों को सुनने की जरूरत है। उस स्पीच माननीय में प्रधान मंत्री जी ने बताया है कि दो साल से बना हुआ यह राज्य है। उन्होंने हमारे राज्य के मुख्य मंत्री, चन्द्रशेखर जी के बारे में बताया था कि कभी भी चन्द्रशेखर जी हमारे पास आते हैं तो वह दो चीज के लिए ही बात करते हैं। वह किसानों और गांवों की बात करते हैं। अभी तक भारत में किसी राज्य ने यह काम नहीं किया है। हम लोग पहली बार घर-घर में पानी पहुंचाने के लिए 'मिशन भगीरथ' को उस समय आगे लेकर गए। उसका उद्घाटन हुआ था। जो कम्पलीट हुआ। यह पिक्चर बहुत महत्वपूर्ण है। 'हर घर जल' के बारे में जो बताया गया है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने तेलंगाना में ऑलरेडी पानी दे दिया है। ऑलरेडी, हम लोग यह कार्यक्रम ले चुके हैं। अभी कम से कम 23,968 हैबिटेशंस में पानी दे रहे हैं। हम हर घर में फिल्टर पानी दे रहे हैं। हम रिवर से पानी लिफ्ट करके, उसे फिल्टर करके दे रहे हैं। हम लोगों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा दिया है। यह पूरे हाउस के सुनने के लिए है। हम लोगों ने हर घर में जल पहुंचाने के लिए एक लाख पांच हजार किलोमीटर की पाइप लाइन बिछा दी है। इस तरह से हमने हर घर में पानी देना शुरू भी कर दिया है। (1435/IND/KMR)

मैं यह बात इसलिए बोल रहा हूं क्योंकि हमारा यह प्रोजेक्ट देखने के बाद यही पूरा प्रोजेक्ट सारे भारत में लगा रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है। नीति आयोग ने स्टडी करके इस प्रोजेक्ट के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की अनुशंसा भी की है। हम लोगों ने सोचा था कि इस बजट में तेलंगाना के साथ जरूर न्याय किया जाएगा और कुछ पैसा दिया जाएगा। यंग लीडर अनुराग जी सदन में बैठे हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि कम से कम आप लोग जो प्रोजेक्ट देश में लगाने के लिए सोच रहे हैं, वह प्रोजेक्ट ऑलरेडी तेलंगाना में लगा हुआ है। उस प्रोजेक्ट को नेशनल प्रोजेक्ट ट्रीट कीजिए और उसको फंड देने के लिए आपसे रिक्वेस्ट कर रहे हैं। उसी तरह से दूसरा मुद्दा किसानों के लिए छह

हजार रुपये का है। हमारे दोस्त ने भी यही बात कही है। किसान के खाते में छ: हजार रुपये अभी तक नहीं दिए हैं। भारतवर्ष में हमारी पहली राज्य सरकार है, जिसने 10 हजार रुपये प्रति एकड़ हर किसान को दिए हैं। इस योजना का नाम 'रायतु बंधु' रखा है। इस संबंध में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि सदन में महाराष्ट्र के सांसद भी बैठे हैं। महाराष्ट्र के 40 बार्डर विलेजेज के किसान बोल रहे हैं कि हमारे गांवों को तेलंगाना में मिला दीजिए क्योंकि यहां पानी भी मिल रहा है और हर किसान को दस हजार रुपये भी मिल रहे हैं। 'आरोग्य श्री' योजना है और इसका कवरेज 'आयुष्मान भारत' से ज्यादा है। 'ऋतु बीमा' योजना को भी हमने डिफरेंट वे में लागू किया है। सबसे महत्वपूर्ण 'कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई' प्रोजेक्ट की भी बात है। हैदराबाद बहुत हाइट पर है। वहां मल्टीपल लिफ्टिंग करके गोदावरी रिवर को 800 मीटर ऊपर लाकर तेलंगाना के किसानों को पानी दे रहे हैं। उसके साथ-साथ 'कालेश्वरम' के प्रोजेक्ट के लिए रिक्वेस्ट की है और केंद्र ने भी स्टडी की है, इसे जरूर कंसिडर करें। स्टेट और सैंटर, दोनों यदि साथ मिलकर चलें तभी डेवलपमेंट में फाइव ट्रिलियन करने का चांस रहेगा। उसके लिए स्पेशल कंसिड्रेशन करना चाहिए। इसके साथ-साथ जीडीपी देखें तो हम सबसे अग्रणी हैं। पूरे भारत देश में तेलंगाना 14.9 परसेंट जीडीपी के मामले में सबसे आगे है। कंट्री का एवरेज यदि 6.8 परसेंट है, तो हम डबल जीडीपी में चल रहे हैं। उसके लिए स्पेशल कंसीड्रेशन करना चाहिए। जब हमारा स्टेट बन गया था, उस समय रिआर्गेनाइजेशन एक्ट, बॉयफरकेशन एक्ट में काफी चीजें रेलवे प्रोजेक्ट, बाय्याराम स्टील प्लांट, कोच फैक्टरी आदि कई चीजें हमें देनी थीं, इसे भी कंसिडर किया जाए। इसी तरह बालापुर रंगा रेड्डी जिला है। यहां भी लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट है। हम लोगों के राज्य के लिए प्रधान मंत्री के 7 तारीख के भाषण का उल्लेख करना चाहता हूं। सब लोग यू ट्यूब में स्पीच देख लीजिए। वह सब मैं आपको सुनाना चाहता था। हमारे पास समय कम है। उसमें प्रधान मंत्री जी ने अड्रेस किया है कि यह स्टेट बहुत आगे बढ़ेगा और यह स्टेट हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। हमारी रिक्वेस्ट है कि बजट में हमारे लिए प्रोविजन नहीं है, उसे भी देख लेना चाहिए। मैं रेलवे के लिए, कोच फैक्टरी के लिए, फोर लेन के प्रोजेक्ट आदि को इनक्लूड करने के लिए आपके माध्यम से सरकार से बोल रहा हूं। (इति)

(1440/VB/SNT)

1440 बजे

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): माननीय सभापति महोदय, वर्ष 2019-20 के लिए पेश किए गए, इसे मैं बजट नहीं कहूँगा, बही-खाते पर बोलने का अवसर आपने दिया है, उसके लिए मैं आपका और अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने पहली बार देश की कमाई का बही-खाता, लेखा-जोखा पेश करके देश को गौरव की अनुभूति करायी है।

जब से बजट पर चर्चा हो रही है, विपक्ष की तरफ से हमेशा एक सवाल रहता है कि फाइव ट्रिलियन की इकोनॉमी कैसे बनेगी, जो लक्ष्य हैं, वे कैसे पूरे होंगे। विपक्ष यह भूल गया है कि अगर 'मोदी है, तो मुमकिन है,' यह बात अब केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के हर कोने में है। अगर दुनिया में कोई भी संकट आता है, अगर कोई बात आती है, तो विश्व के लोग आज देश के यशस्वी प्रधान मंत्री की तरफ बड़ी आशा भरी निगाहों से देखते हैं कि अगर इसका समाधान कोई कर सकता है, तो केवल भारत के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी कर सकते हैं। इसलिए विपक्ष के लोग स्पष्ट रूप से लिख लें कि अब देश में कोई भी विषय असंभव नहीं है। …(व्यवधान) पुलवामा का जवाब अगर किसी ने दिया है, तो हमने दिया है। …(व्यवधान) आप ठीक कह रहे हैं। …(व्यवधान)

आज़ादी के बाद परम् पूज्य महात्मा गांधी जी ने कल्पना की कि इस देश को कांग्रेस से समाप्त कर देना चाहिए। लेकिन यह 70 वर्षों तक नहीं हुआ। जब गुजरात का एक बेटा, एक नेता पैदा हुआ, यह तभी संभव हुआ। …(व्यवधान) कांग्रेस मुक्त हो गया। इसलिए 'मोदी है, तो मुमकिन है।' यह बात आप जितनी जल्दी समझ लेंगे, तो आपके लिए बेहतर होगा। …(व्यवधान)

महोदय, मैं इकोनॉमिक्स का छात्र हूँ। मैं बजट के बहुत अंदर न जाकर, उसके डेटा पर नहीं बोलना चाहता हूँ। …(व्यवधान) अभी भी वक्त है, आप लोग समझ लीजिए। आपकी संख्या घटती जा रही है। हम लोग यहाँ तक आ गए हैं।

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): No interruptions please. Hon. Member, you please address the Chair.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): माननीय सभापति महोदय, जब इस देश में बैंकों पर संकट आए और जब सरकार बदली, तो बैंकों के जितने डिफॉल्टर्स थे, जिन्होंने पैसे ले लिये थे और नहीं दे रहे थे, उनकी एक सूची बनायी। ऐसे लोग, जो पैसे वापस नहीं कर सकते हैं, उनको बट्टे खाते में डाल दिया गया। विपक्ष ने इसका दुष्प्रचार करना शुरू किया कि सरकार ने उस पैसे को देश के पूंजीपतियों के पास छोड़ दिया। जिसको व्यापार का क-ख-ग का ज्ञान है, जिसको इकोनॉमिक्स का ज्ञान है, वह समझता है कि बट्टे खाते में डाले गये पैसे को छोड़ा नहीं गया है, उसकी सूची बनायी गई है और उनको चिह्नित किया गया ताकि देश के बैंकों के ऐसे डिफॉल्टर्स को, देश के चोरों को देश के बैंकों से दोबारा पैसे न मिलने पाएँ।

आज मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूँ कि नयी सरकार के प्रयास से उस पैसे में से एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की रिकवरी इस सरकार ने की है। यह तब मुमकिन हुआ जब इस देश में मोदी की सरकार आयी। इसलिए 'मोदी है, तो मुमकिन है।'

(1445/VB/GM)

देश में 9.60 करोड़ शौचालय बने। ये नामदार लोग उस शौचालय की कीमत को नहीं समझ सकते हैं, उस शौचालय की ताकत को नहीं समझ सकते हैं कि यह नारी-गरिमा और नारी-सम्मान से जुड़ा हुआ कितना महत्त्वपूर्ण विषय है। हम लोग गांव, गरीब किसान से चुनकर आते हैं। मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूँगा कि एक गरीब की बेटी ब्याह के बाद अपने ससुराल पहुँचती है, जो पढ़ी-लिखी नहीं है, गरीब है, अशिक्षित है, तो उसको यह चिन्ता नहीं होती है कि उसे सोने के लिए कौन-सा कमरा दिया जाएगा, रहने की कौन-सी जगह मिलेगी, खाने के लिए कौन-सी चीज दी जाएगी? उसके मन में केवल यह डर और पीड़ा रहती है कि अगर मुझको शौच आएगी, तो मैं किससे कहूँगी। अभी नई-नई घर में आई हूँ, न तो मैं किसी को पहचानती हूँ, कौन रिश्तेदार है, कौन सास है, कौन चाची है, कौन नानी है, कौन मामी है, कौन काकी है, वह नहीं जानती है। लेकिन उसको इस बात का डर सताता है। इसलिए उसके मन से इस भय को निकालने और सम्मान से जीने का अगर किसी ने अवसर दिया, तो वह देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में मिला।

यहाँ पर हमारे टीएमसी के साथी कह रहे थे कि नारी से नारायणी कैसे बनेगी, यह कैसे संभव है। मैं किसी और की बात नहीं कहता हूँ, मैं स्वयं अपनी बात कहता हूँ। मेरी माता जी ने उपले बेचकर हमें पाला है, तो उनका जो सपना थे, उनका कोई बहुत बड़ा सपना नहीं था कि महल हो, गाड़ी हो। यदि उनका कोई सपना था, तो जीवन की जो मूलभूत सुविधाएँ हैं, वे कैसे पूरी हों, ये थीं। मूलभूत आवश्यकता के लिए एक घर हो, मूलभूत आवश्यकता के लिए शौचालय हो, मूलभूत आवश्यकता के लिए स्वच्छ ईंधन हो और जब कोई बीमार पड़ जाए तो उसके इलाज के लिए दर-दर भटकना न पड़े, दर-दर भीख न माँगनी पड़े।

मैं अपनी बात कहता हूँ। मैंने बचपन में गरीबी में जीवन जीया है। जब एक छोटा-सा ऑपरेशन कराने की बात आई, तो अपनी माता जी को मैंने देखा कि उन्होंने कैसे दर-दर भटककर लोगों से चन्दा माँगा, अगर वह आज जीवित होतीं, तो वह मोदी जी को बधाई देतीं, उनको आशीर्वाद देतीं कि अब किसी माँ को अपने बेटे के इलाज के लिए, अपने परिवार के इलाज के लिए दर-दर जाकर चन्दा नहीं माँगना पड़ेगा।

महोदय, आप कहें, तो मैं अपना भाषण ले कर दूँ। इतनी जल्दी मैं अपनी बात भी पूरी नहीं कर पाया हूँ।

महोदय, एक नहीं अनेक विषय हैं। लोगों ने सवाल उठाए कि सरकार ने एससी, एसटी के बजट में कटौती कर दी है। लोगों ने ठीक से नहीं देखा। एससी, एसटी के बजट में सरकार ने बढ़ोतरी की है, शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोतरी की है। महोदय, मैं समझ रहा हूँ कि आप समय कम देंगे।

मैं इस सदन का ध्यान एक विशेष बात पर ले जाना चाहता हूँ। हम सभी यह जानते हैं कि देश में बड़े स्तर पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं। जब वर्ष 1992 में इस देश में उद्योगों का प्राइवेटाइजेशन शुरू हुआ, तो उस समय से इस देश में आउटसोर्सिंग के माध्यम से युवाओं को नौकरी देने की बात आई। मैं पूरे सदन का सहयोग चाहूँगा, आज पूरे देश का युवा आउटसोर्सिंग के नाम पर प्रदेश और केन्द्र सरकार द्वारा चलने वाली जो कम्पनियाँ हैं, वे युवाओं का शोषण कर रही हैं। मैं इस बजट के

माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि अब समय आ गया है कि आउटसोर्सिंग पर देश में एक राष्ट्रीय नीति बने ताकि देश के युवाओं के शोषण को रोका जा सके।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश में 115 एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स चिह्नित किये थे। जो पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों के कारण अनेक समस्याएँ पैदा हो गई थीं, उन 115 जिलों को चिह्नित करके उनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया गया।

(1450/PC/RK)

सभापति महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि देश भर में एक नहीं, अनेक जिले हैं, जो उद्योगविहीन जिले हैं। वहां के युवा पलायन करने के लिए मजबूर हैं। मैं सरकार से, वित्त मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि ऐसे जिलों को चिन्हित किया जाए। चिन्हित कर के वहां के उद्योगों को कैसे बढ़ावा मिले, इसकी चिंता करनी चाहिए। इस क्रम में उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडेक्ट' का कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिससे थोड़ी सहूलियत और राहत तो हुई है, लेकिन आज भी लोग उद्योग, व्यापार के लिए पलायन करने के लिए मजबूर हैं।

माननीय सभापति महोदय, एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है। भारत सरकार ने जिस तरह पूरे देश में शौचालय, आवास और बिजली देने का काम किया है, उसी प्रकार सरकार ने सब जिलों में पाइपलाइन से स्वच्छ पानी देने की योजना बनाई है। इसके लिए देश भर में 256 जिलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 1538 ब्लॉक्स ऐसे हैं, जो डार्क-ज़ोन में चले गए हैं। मैं माननीय मंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि इस पर जितनी जल्दी काम शुरू करेंगे, निश्चित रूप से ऐसे जिलों, ऐसे ब्लॉकों को हम लोग स्वच्छ पानी दे पाएंगे।

मैं पुन: मंत्री जी को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि यह बजट सर्वव्यापी है, स्र्वस्पर्शी है और समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है, इस देश का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जो इस बजट से अछूता रहा हो। इसलिए, मैं इस बजट का समर्थन करते हुए और इस बात का आभार व्यक्त करते हुए कि जिन बिंदुओं को हम लोगों ने उठाया है, निश्चित रूप से सरकार इन बिंदुओं पर विचार करेगी। विपक्ष

के पास अभी भी मौका है, ज़रा सा चिंतन कर ले, नहीं तो 'मोदी है, तो मुमकिन है' और हमें लगता है कि अगली बार हम लोग वहां तक आएंगे। मैं इतना कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

(इति)

HON. CHAIRPERSON (SHRI A. RAJA): Before the hon. Member Shri Ramchandra Paswan speaks, I have to make one announcement. Hon. Members who want to lay their written speeches on the Table of the House can do so. It will be treated as part of the proceedings of the House.

1453 बजे

श्री राम चन्द्र पासवान (समस्तीपुर) : सभापति जी, आपके माध्यम से मुझे आम बजट पर बोलने का अवसर मिला, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस आम बजट के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी और अमित शाह जी को धन्यवाद देता हूं। आज पूरे देश में कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जो वर्ग आज इस सरकार की सराहना न करे, किसी जगह के लोग नहीं हैं, जो इस बजट को अपना बजट न मानते हों। आज इस महापंचायत में आपने मुझे बोलने का मौका दिया है।

आज मुझे काफी खुशी हो रही है कि जो दूर-दराज का, देहात का एरिया था, मेरा लोक सभा क्षेत्र भी काफी इंटीरियर इलाके में पड़ता है। वहां आज से नहीं, वर्ष 1999 में मैं जब जीता था, तब अटल बिहारी वाजपेयी जी सरकार में थे। मेरा जो क्षेत्र है, वह मिथिलांचल का क्षेत्र, मिथिला का क्षेत्र है। मैं जानता हूं कि उस क्षेत्र में जो समस्याएं थीं, आज इस सरकार के माध्यम से काफी समस्याओं का समाधान हुआ है।

(1455/SPS/RC)

वर्ष 1997 में हमारी लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास पासवान जी रेल मंत्री थे। उन्होंने रेल मंत्री के रूप में काफी योजनाएं देने का काम किया था। हम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार को और पीयूष गोयल जी को भी धन्यवाद देते हैं कि इनके समय में कार्य हुआ है और हो भी रहा है, लेकिन जितनी तेजी से होना चाहिए, उतनी तेजी से नहीं हो पा रहा है। इसी तरीके से यह जो बजट है, किसानों के लिए है और महिलाओं को भी इस बजट में प्रोत्साहित किया गया है। आज महिलाओं के खाते में जन धन योजना के तहत पांच हजार रुपये न रहने पर भी उसमें से पैसे निकालने का प्रावधान किया गया है और एक लाख रुपये लोन देने का भी प्रावधान किया गया है। जो महिलाएं वंचित थीं, जो घरों में बेरोजगारों की तरह बैठी हुई थीं, आज उन महिलाओं को लग रहा है कि इस देश में हमारे लिए भी कोई सोचने वाला है और कोई सरकार है। वह सरकार नरेन्द्र मोदी जी की है। हमारे बीच में युवा हैं और उन युवाओं की संख्या काफी अधिक है। इस बजट के माध्यम से उनको काम मिलेगा, रोजगार मिलेगा, फिर भी युवाओं के लिए सोचने की जरूरत है। आज हमें काफी खुशी

हो रही है और हमें एन.डी.ए. सरकार पर काफी गर्व है। जो बिजली की समस्या थी, यह समस्या काफी हद तक हमारे बिहार में सॉल्व हो चुकी है। लगभग हर घर में बिजली पहुंच चुकी है। ऐसा कोई गांव नहीं है, जिस गांव में गैस नहीं पहुंची हो। हमारी सरकार ने योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव में गैस पहुंचाने का काम किया है। हम उस गांव से आते हैं, जो गांव काफी गरीबी से गुजरने वाला था। आज भी है, लेकिन उसमें काफी हद तक सुधार हुआ है। जब हमारी मां, हमारी बहन चूल्हा फूंकने का काम करती थी तो उस समय उसको नानी याद आती थी, लेकिन आज उसको नानी याद नहीं आ रही है, आज तो सिर्फ नरेन्द्र मोदी जी की सरकार याद आ रही है, जिनके माध्यम से उनको गैस का कनेक्शन मिला है। आज उनके चूल्हा फूंकने में कमी हुई है। जो सुलभ शौचालय हैं, गांव में कोई सोच नहीं सकता था, कोई सुनकर विश्वास नहीं कर सकता था, लेकिन उन शौचालयों को बनवाने का काम हमारी सरकार कर रही है। हम इनको धन्यवाद देते हैं। ये बधाई के पात्र हैं। उन लोगों की बात को इस महापंचायत में रखने के लिए हम भी जीतकर आए हैं, हमें भी गर्व होता है। इस समय हम बोल रहे हैं तो हमारे क्षेत्र के लोग सुनकर प्रसन्न हो रहे होंगे कि जिसे हमने वोट दिया है, वह सरकार हमारे लिए काम कर रही है। जिसको वोट दिया है, वह नेता हमारे लिए सोचने का काम कर रहा है। जो जल-नल योजना है, उसके लिए हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। जल-नल योजना देश के लिए आई। खासकर बिहार के हमारे क्षेत्र में नलकों का पानी सूख चुका है और बहुत लोग त्राहिमाम कर रहे हैं।

(1500/KDS/SNB)

वे पानी की किल्लत में हैं। अत: हम कहना चाहते हैं कि फर्स्ट प्रायोरिटी के आधार पर सरकार ने इस कार्य को करने की योजना बनाई है, लेकिन उसमें और तेजी लाने की जरूरत है, क्योंकि हमारे यहां नल-जल के बिना लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोग परेशान हो रहे हैं।

सभापति महोदय, हम अपनी पार्टी की तरफ से बोल रहे हैं। हमें भी बोलने का कुछ अवसर दिया जाए। आप भी पुराने सदस्य हैं, हम भी पुराने हैं। हम अपनी बात को संक्षेप में रखना चाहते हैं। सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने की बात कही है, इसके लिए हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। आज किसानों के बीच में कोई पार्टी, कोई फिलिंग, कोई मतभेद नहीं है। आज किसान को सरकार पर पूरा भरोसा है और हमें लगता है कि जिस बहुमत से आज यह सरकार काम कर रही है, जिस बहुमत से यह सरकार जीतकर आई है, अगली बार जब सरकार जीतेगी तो पूरे का पूरा उधर का भी सफाया हो जाएगा। इसलिए आज हम कहना चाहते हैं कि 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत जो गरीब लोग हैं, जो हॉस्पिटल में दवाई के अभाव में मर जाते थे, आज उनके इलाज के लिए सरकार ने 5 लाख रुपये देने की व्यवस्था की है। हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। हम आपके माध्यम से बहुत कम समय में अपनी बात को रखेंगे।

सभापति महोदय, जब रामविलास पासवान जी रेल मंत्री थे, उस समय सकरी हसन रेल लाइन का काम शुरू हुआ। लेकिन अभी तक काम अधूरा है, इसलिए हम चाहेंगे कि यह जल्द से जल्द पूरा हो जाए। हम गडकरी साहब से भी आग्रह करेंगे कि इनकी जो बहुत सारी हाइवे संबंधी योजनाएं हैं, उनको जल्द पूरा कराया जाए। इसके बाद प्रधान मंत्री सड़क योजना का कार्य है, जो काफी अधूरा पड़ा हुआ है, उस कार्य को भी हमारी सरकार जल्द से जल्द पूरा कराएगी, इसकी हमें पूरी उम्मीद है। आज हम काफी कुछ बोलना चाहते थे, लेकिन हमारी पार्टी की तरफ से आपने कम समय दिया, लेकिन फिर भी इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं कि यह सदन है और सदन में एक-एक सेकेण्ड का बहुत महत्व है। धन्यवाद।

(इति)

*SHRI A. GANESHAMURTHI (ERODE):

{For English translation of the speech
made by the hon. Member,
Shri A. Ganeshamurthi in Tamil,
please see the Supplement. (PP 364 to 364D)}

* Laid on the Table. Original in Tamil.

*SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANNIYAKUMARI):

* Laid on the Table.

*SHRI S. R. PARTHIBAN (SALEM):

*Laid on the Table.

***डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** स्पीकर महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा में बोलने की अनुमति प्रदान की।

2019 के लोक सभा चुनाव में फिर एक बार हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जो प्रचंड जनादेश मिला है, वह यही बताता है कि इस देश के 130 करोड़ नागरिकों ने नरेन्द्र मोदी जी के प्रथम कार्यकाल के निर्णयों को अपनी स्वीकृति दी है। यह जनादेश यह भी प्रतिपादन करता है कि मोदी जी ने 'नए भारत निर्माण' की जो नींव रथी थी, उस पर बुलंद एवं भारत की मज़बूत इमारत बनाने के लिए जनता ने अपनी मुहर लगाई है और स्वीकृति भी दी है। इस जनादेश की वजह से देश का लोकतंत्र और भी मज़बूत हुआ है और नरेन्द्र मोदी जी एक 'जन-नायक' के रूप में स्वीकृत हुए हैं।

यह बजट नए भारत के निर्माण के लिए एक मज़बूत नींव की तरह है, इसलिए मैं भारत की प्रथम पूर्णकालीन महिला वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी तथा वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर जी को भी बधाई देता हूं। मोदी जी की सरकार आने के बाद भारत की अर्थव्यवस्था पूरे विश्व में तेजी से आगे बढ़ने वाली इकोनॉमी बनी है। पूरे विश्व में 11वीं इकोनॉमी से छठे पायदान पर भारत की अर्थव्यवस्था उभरकर आई है।

स्पीकर महोदय, वर्ष 2014 तक भारत की अर्थव्यवस्था 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो वर्ष 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हुई है। पहले के 55 सालों में और मोदी सरकार के मात्र 55 माह में अर्थव्यवस्था डबल हुई है। यही मोदी सरकार की सफल अर्थव्यवस्था का सूचकांक है। बड़े सपने देखना, उनको साकार करने के लिए कठोर परिश्रम और शक्ति रखना मोदी सरकार की पहचान है। इसीलिए, मोदी जी ने 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का सपना रखा है। मुझे मोदी जी तथा सरकार पर पूरा भरोसा है कि हम वर्ष 2024 तक इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

---

* Laid on the Table.

स्पीकर महोदय, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इस बजट में किए गए ठोस निर्णयों की मैं सराहना करता हूं। देश में कनेक्टिविटी के लिए अच्छे निर्णय लिए गए। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना को बल देते हुए उसे तेजी से बढ़ाना। 97 परसेंट कनेक्टिविटी होगी। इन्डस्ट्रीयल कोरीडोर, सागरमाला, जलमार्ग, नेशनल हाईवे, पोर्ट्स, उडान योजना के साथ कनेक्टिविटी के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जाएगा। मेट्रो रेल, नेशनल हाईवे, अगले 5 सालों में एक लाख पच्चीस हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण। रेलवे में 2030 तक 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। उसमें पीपीपी भागीदारी को भी शामिल किया जाएगा। पावर कनेक्टिविटी, वन नेशन वन ग्रिड के तहत हर जगह को बिजली पहुंचाई जाएगी। सभी नागरिकों को वर्ष 2022 तक घर मिलेगा और अफोर्डेबल हाउसेस का निर्माण करके सब को आशियाना मिलेगा। एमएसएमई सैक्टर को बल मिलेगा और हर छोटे उद्योग करने वाले को इन्टरेस्ट सब्वेन्शन स्कीम के साथ न्यूनतम एक करोड़ रुपये का लोन दिया जाएगा। प्रधान मंत्री कर्मयोगी मानधन स्कीम देश निर्माण में सहयोग देने वाले स्वैच्छिक संगठनों को बाजार से स्टॉक मार्केट के जरिए पूंजी की सुविधा मिलेगी। एफडीआई के लिए बढ़ावा मिलेगा। पहले से एफडीआई में छ: परसेंट वृद्धि हुई है। एविएशन, मीडिया इन्श्योरेंस सैक्टर में एफडीआई को बढ़ावा मिलेगा। सिंगल बांड में भी एफडीआई छूट दी जाएगी। भारत में निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाएगा। स्पेस, पीएसयू, एनएफआईएफ को इसरो से जोड़ा जाएगा। ग्रामीण भारत में महात्मा गांधी के रास्ते चलते गांव, गरीब और किसानों के कल्याण के लिए कई फैसले लिए जाएंगे। हर घर में उज्ज्वला के तहत गैस दी जाएगी। हर घर में शौचालय, प्रधान मंत्री आवास के तहत सभी को घर मिलेगा। 1.95 करोड़ आवासों का निर्माण होगा। सौभाग्य योजना के तहत हर घर में बिजली होगी। जल शक्ति को तहत हर घर जल पहुंचाया जाएगा। अन्नदाता से ऊर्जादाता योजना के तहत किसान की आय दोगुना करने पर बल देना।

महोदय, जहां तक एससी/एसटी का सवाल है, उन वर्गों को अम्ब्रेला के नीचे कवर कर लिया और अनुसूचित जाति के बजट में 9 परसेंट की वृद्धि की गई है। एससी/एसटी युवाओं को

स्टैंड-अप योजना से लाभ पहुंचाने का काम किया गया है और स्टैंड-अप योजना को वर्ष 2025 तक बढ़ाया गया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि एससी/एसटी युवा, खास कर महिला उद्यमियों को बैंक से दस हजार रुपये की राशि दी जाए और बिना कोलेट्रल कम ब्याज पर लोन देने की सुविधा दी जाए। शिक्षा में सुधार के लिए तथा नई शिक्षा नीति के लिए मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं। यह बजट फाइव ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनॉमी का फाउंडेशन रखने वाला है। नए भारत के निर्माण के लिए यह बजट आधारशिला रखेगा।

महोदय, मैं इस बजट का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

(इति)

*SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR):

* Laid on the Table.

1503 बजे (श्रीमती मीनाक्षी लेखी पीठासीन हुईं)

श्री नन्दकुमार सिंह चौहान (खण्डवा): धन्यवाद सभापति महोदय। मोदी सरकार का यह बजट देश को ऊंची उड़ान देने वाला बजट है। हमारी वित्त मंत्री, जो देश की पहली वित्त मंत्री रही हैं, उनके द्वारा जो बजट पेश किया गया है, उससे पूरे देश में एक विश्वास और आकांक्षा की उम्मीद जगी है। जिस तरीके से देश की जनता ने मोदी जी पर विश्वास किया, उस विश्वास पर खरा उतरने वाला यह बजट है। बजट में आय और व्यय, इन दोनों का प्रावधान होता है। धन कहां से आया, इसका भी महत्व है, लेकिन उससे भी अधिक महत्व है कि धन किस पर खर्च हुआ, धन किसको दिया गया? मैं यह कह सकता हूं कि आजाद भारत में इस बजट के माध्यम से यह तय हो चुका है कि यह मोदी सरकार गांव, गरीब और किसानों की सरकार है। गरीबों के सपने साकार करने के लिए इस बजट में सभी तरह के प्रावधान किए गए हैं। यह सदन साक्षी है कि गांव में रहने वाली वे महिलाएं, जो मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाती थीं, उन मां-बहनों को किस दर्द और पीड़ा को झेलना पड़ता था।

(1505/MM/RU)

सात करोड़ एलपीजी के गैस कनेक्शन दिए जाना, यह देश के लिए बहुत बड़ा कीर्तिमान है। आने वाले समय में आठ करोड़ गैस कनेक्शन मुफ्त में देने का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है। यह देश में बहुत बड़ा अभियान ग्रामीण मां-बहनों के लिए, गरीब परिवार की माता-बहनों के लिए मोदी जी द्वारा, मोदी सरकार के द्वारा चलाया गया एक बहुत बड़ा अभियान है।

सभापति महोदया, मोदी सरकार ने गरीबों के घर के सपने को साकार किया है। गांव में रहने वाले गरीब को पक्का घर बनाने के लिए डेढ़ लाख रुपये दिए जा रहे हैं। इसके पहले की सरकारें क्या देती थीं और कैसे घर बनता थाा, पूरा सदन इस बात का गवाह है। पहले इंदिरा आवास के नाम पर घर दिए जाते थे, लेकिन राशि बहुत कम होती थी। वह बना हुआ घर एक बारिश में ढह जाता था। एक आंधी आती थी और घर के टिन उड़ा कर ले जाती थी। लेकिन आज मोदी सरकार ने डेढ़ लाख रुपये ग्रामीण क्षेत्र में घर निर्माण को देकर गरीब के पक्के घर के सपने को साकार किया है। आज एक धनवान व्यक्ति उस घर की कीमत नहीं समझ सकता है। उस घर की क्या अहमियत है, यह कच्ची

झोंपड़ी में रहने वाले गरीब से पूछिए। वह गरीब जिसके पास घर बनाने का पैसा नहीं है। बरसात जब आती थी तो बाजार से प्लास्टिक की पन्नी खरीदकर बरसात से बचने के लिए अपने घर पर डाल देता था। आज ऐसे करोड़ों गरीबों को पक्का घर देकर उनके आंगन में खुशहाली पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है। इतना भारी समर्थन मिलने के पीछे जो कारण हैं, विगत पांच सालों में सरकार ने सामाजिक सरोकार के जो काम इस देश में किए हैं। गरीब तक अपनी योजनाओं को सीधे पहुंचाने का एक सिस्टम डेवलप किया है।

सभापति महोदया, इस देश ने वह भी देखा है जब दिल्ली से गरीबों के लिए पेंशन जाती थी और पेंशन गांव के सचिव या सरपंच के हाथ से मेनुअल जब बंटती थी तो गरीब के तीन सौ रुपये में से भी सौ रुपये खा लिए जाते थे। लेकिन आज डीबीटी के माध्यम से जो भी पैसा भारत सरकार से पहुंच रहा है, उसमें बीच के बिचौलिए खत्म हो गए हैं, बीच के दलाल खत्म हो गए हैं, क्योंकि सीधा पैसा गरीब की जेब में जाने का सिस्टम मोदी सरकार ने डेवलप किया है। इसके माध्यम से आज गरीब इस बात पर विश्वास करता है कि दिल्ली में कोई बैठा है जो हमारा रखवाला है। दिल्ली में जो बैठा है, वह हमारे धन पर किसी को डाका डालने नहीं देगा।

सभापति महोदया, सामाजिक जीवन में, समाज का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए आज तक जितनी सरकारें इस देश में बनी हैं और जितनी भी सरकारों ने प्रयोग किए होंगे, वे अच्छे रहे होंगे। लेकिन मोदी सरकार ने सामाजिक जीवन स्तर, आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कोशिशें की हैं। श्रम योगी पेंशन योजना- वह श्रमिक, जो मेहनत के बल पर अपना परिवार पालता है, उस श्रमिक से छोटी सी राशि लेकर 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर तीन हजार रुपये महीना आजीवन पेंशन देने की योजना नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में लाँच की है।

(1510/SJN/NKL)

आज तक लगभग 30 लाख श्रमिक इस योजना से जुड़ चुके हैं। आज देश भर के किसानों को छः हजार रुपये किसान सम्मान निधि दी गई है। मोदी जी ने सीमांत किसानों के लिए भी 'किसान पेंशन योजना' लांच की है, इसमें 40 वर्ष तक की आयु के किसान उस किसान पेंशन योजना से

जुड़ेंगे। जब उनकी आयु 60 वर्ष की हो जाएगी, तो उन्हें भी जीवन भर तीन हजार रुपये महीने मिलेंगे। यह 'किसान पेंशन योजना' भारत सरकार ने लांच की है। यही तो सामाजिक सरोकार है। यही तो लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने की कोशिश है।

सभापति महोदया, किसान-मजदूर से लेकर छोटे व्यापारी तक की भी चिंता की गई है। मोदी सरकार ने जिस व्यापारी का डेढ़ करोड़ रुपये महीने तक का टर्नओवर है, उस व्यापारी को 'कर्मयोगी पेंशन योजना' के तहत सीधे लाभ दिए जाने का प्रावधान किया है। जल शक्ति विभाग का गठन करके भूमिगत जल भंडारण कैसे बढ़ेगा, क्योंकि आज जमीन में पानी कम डिपाजिट हो रहा है और विद्ड्रॉल अधिक हो रहा है।

सभापति महोदया, मैं अभी तो बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

माननीय सभापति (श्रीमती मीनाक्षी लेखी) : चौहान साहब, आपको दस मिनट बोलने का समय दिया गया था, लेकिन अब आपको बोलते हुए 12-14 मिनट हो गए हैं।

श्री नन्दकुमार सिंह चौहान (खण्डवा) : सभापति महोदया, मुझे थोड़ा-सा समय और दीजिए।

माननीय सभापति : आप प्लीज वाइंड अप कर दीजिए। बाकी अन्य लोगों को भी बोलना है। इसलिए आप वाइंड अप कर दीजिए।

